NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-200, पृष्ठ : 12 | रविवार, 25 जनवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

मदुरै में भीषण सड़क हादसा

## दो बसों की टक्कर में तीन की मौत, 15 से अधिक घायल



**मदुरै**। तमिलनाडु के मदुरै जिले में आज तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सड़क हादसा तिरुचि-मदुरै राष्ट्रीय राजमार्ग पर मेलूर के पास पलापट्टी इलाके में हुआ। पुलिस के अनुसार चेन्नई से मदुरै जा रही एक निजी बस रविवार तड़के पलापट्टी इलाके में सड़क किनारे एक चाय की दुकान के पास रुकी हुई थी। बताया गया कि बस का चालक कुछ देर के लिए बस से नीचे उतरा हुआ था। इसी दौरान चेन्नई से मार्तंडम जा रही एक अन्य निजी बस अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में खड़ी बस के पिछले हिस्से से जा टकराई।

हादसे में मौके पर ही तीन यात्रियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान कनागरंजीथम (65), सुदर्शन (23) और एक अज्ञात महिला यात्री के रूप में हुई है। मृतकों में दो महिलाएं शामिल हैं। इस दुर्घटना में दोनों बसों में सवार 15 से अधिक यात्रियों को अलग-अलग स्तर की चोटें आई हैं। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस और निजी वाहनों की मदद से मेलूर और मदुरै के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि दुर्घटना चालक की थकान या तेज रफ्तार के कारण हुई हो सकती है।

## मतदाता ही लोकतंत्र की आत्मा-पीएम मोदी

साल 2026 की पहली 'मन की बात' में बोले प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज साल 2026 के पहले 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि कल 26 जनवरी को हम अपना गणतंत्र दिवस मनाएंगे। 26 जनवरी का दिन हमें अपने संविधान के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर देता है। पीएम मोदी ने कहा कि आज 25 जनवरी का दिन भी बहुत अहम है क्योंकि आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। मतदाता ही लोकतंत्र की आत्मा होता है। जब भी कोई युवा पहली बार मतदाता बने तो पूरा मोहल्ला, गांव या फिर शहर एकजुट होकर उसका अभिनंदन करे और मिठाइयां बांटी जाएं। इससे लोगों में वोटिंग के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

नदियों को लेकर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से होकर गुजरने वाली तमसा नदी को लोगों ने नया जीवन दिया है। पीएम मोदी ने कहा, 'भजन और कीर्तन सदियों से हमारी संस्कृति की आत्मा रहे हैं। आज के युवाओं ने भक्ति की भावना को अपने अनुभवों और लाइफस्टाइल में शामिल कर लिया है। इस ट्रेंड को आजकल 'भजन क्लबिंग' कहा जा रहा है, और यह खासकर जेन-जी के बीच तेजी से पॉपुलर हो रहा है।' मोदी ने कहा, 'भारतीय त्योहार दुनिया के हर कोने में बड़े जोश और खुशी के साथ मनाए जाते हैं। भारतीय मूल के हमारे भाई-बहन, हर तरह की सांस्कृतिक चमक बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।

पीएम ने कहा कि जब पर्यावरण सरंक्षण की बात होती है, तो अक्सर हमारे मन में बड़ी योजनाएं, बड़े अभियान और बड़े-बड़े संगठन की बातें आती हैं। लेकिन कई बार बदलाव की शुरूआत बहुत साधारण तरीके से होती है।

मलेशिया में 500 से अधिक तमिल स्कूल हैं। तमिल भाषा पढ़ाने के अलावा, दूसरे सब्जेक्ट भी तमिल में पढ़ाए जाते हैं। इसके अलावा, तेलुगु और पंजाबी के साथ-साथ दूसरी भारतीय भाषाओं पर भी बहुत ध्यान दिया जाता है।

## कितने भी जुल्म कर लो, पीछे नहीं हटूंगा - अविमुक्तेश्वरानंद



**प्रयागराज**। प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन के बीच विवाद जारी है। शिविर में युवकों के हंगामे पर अविमुक्तेश्वरानंद ने पहली बार बयान दिया है। उन्होंने कहा- हमारे ऊपर आक्रमण इसलिए किया गया है, क्योंकि हम गो-रक्षा की बात कर रहे हैं। हम कुछ लोगों की आंख की किरकिरी बन गए हैं, कितना भी परेशान करें, मैं पीछे नहीं हटूंगा। जितना हमारे ऊपर जुल्म होगा, उतनी ही मजबूती से कदम उठाऊंगा। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के भक्तों ने उनकी सुरक्षा की मांग की है।

## हिंदी थोपने का विरोध जारी रहेगा : सीएम स्टालिन



**चेन्नई**। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) अध्यक्ष एम. के. स्टालिन ने तमिल भाषा शहीद दिवस के अवसर पर रविवार को स्पष्ट कहा कि तमिलनाडु में हिंदी के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि हिंदी थोपने के हर प्रयास का विरोध किया जाएगा और तमिल भाषा के प्रति प्रेम कभी समाप्त नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने मूलकोथलम में आयोजित कार्यक्रम में तमिल भाषा आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि जब-जब तमिलनाडु पर हिंदी थोपने का प्रयास किया गया, राज्य ने उसी दृढ़ता के साथ उसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि तमिल के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को कृतज्ञतापूर्वक नमन करते हैं और यह संकल्प लेते हैं कि भाषा के नाम पर अब और किसी को अपनी जान न गंवानी पड़े।



newsnextindia1@gmail.com
न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र


# उत्तर भारत में बर्फबारी से कड़ाके की ठंड

## हिमाचल में बारिश-बर्फबारी के कारण 683 सड़क बंद, अब फिर बरसेंगे बादल



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश के एक दिन बाद न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हिमपात के कारण कई प्रमुख सड़कें लगातार दूसरे दिन भी बंद रहीं, जिससे यातायात और माल की आवाजाही प्रभावित हुई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 25 और 26 जनवरी (रविवार और सोमवार) को हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के कुछ इलाकों में घने कोहरे का अनुमान जताया है, जबकि रविवार सुबह दिल्ली में हल्के से मध्यम कोहरा छाए रहने की आशंका है।

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, पिछले 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश में व्यापक वर्षा और भारी हिमपात ने सार्वजनिक उपयोगिताओं को बुरी तरह से बाधित कर दिया है। सैकड़ों सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं और कई जिलों में बिजली और पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। राज्य भर में दो राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच-03 और एनएच-505) सहित कुल 683 सड़कें अवरुद्ध हैं। प्रभावित वितरण ट्रांसफार्मरों (डीटीआर) की संख्या बढ़कर 5,775 हो गई है, जबकि 126 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित बताई गई हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में लाहौल-स्पीति, मंडी, चंबा, कुल्लू और सिरमौर शामिल हैं, जहां भारी बर्फबारी और बारिश के कारण सड़कें अवरुद्ध हो गईं और बिजली गुल हो गई।

बारिश के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर में न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई है। शहर के प्रमुख मौसम विज्ञान केंद्र सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.1 डिग्री अधिक रहा। यह शुक्रवार के 13.7 डिग्री सेल्सियस के न्यूनतम तापमान से बड़ी गिरावट है, जो पिछले चार सालों में सबसे अधिक था।

दिल्ली में शनिवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान आयानगर में दर्ज किया गया, जहां पारा 6 डिग्री सेल्सियस रहा। आईएमडी ने रविवार को दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। साथ ही, राजधानी में न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।

**जम्मू-कश्मीर का गुलमर्ग सबसे ठंडा रहा**

उधर, कश्मीर में शनिवार को मौसम में सुधार हुआ, जिससे श्रीनगर हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं फिर से शुरू हो सकीं। हालांकि, घाटी के अधिकांश हिस्सों में रात का तापमान अब भी शून्य से काफी नीचे बना रहा। उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले में स्थित गुलमर्ग जम्मू-कश्मीर में सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से 12 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। इसके बाद गांदरबल जिले के सोनमर्ग में तापमान शून्य से 10.5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा, जबकि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

**बारिश और बर्फबारी का अनुमान**

घाटी में इस समय चिल्ला-ए-कलां का दौर जारी है, जो कश्मीर का 40 दिनों का सबसे कड़ाके की सर्दी वाला समय माना जाता है। मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार को कश्मीर के कुछ इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है। इसके अलावा, सोमवार को एक और पश्चिमी विक्षोभ के जम्मू-कश्मीर को प्रभावित करने की संभावना है, जिसके असर से अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

मौसम विभाग ने बताया कि 25 जनवरी को हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी होने का अनुमान है। इसके साथ ही कई जिलों के लिए घने कोहरे और शीतलहर को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच, राजस्थान के कई हिस्सों में रात का तापमान शून्य के करीब पहुंच गया। बीकानेर के लूणकरणसर में न्यूनतम तापमान 0.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे कम रहा।

**माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस**

राज्य के एकमात्र हिल स्टेशन माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि जयपुर में शनिवार को न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने उत्तर दिशा से चलने वाली ठंडी हवाओं के कारण राजस्थान में तापमान में और गिरावट की संभावना जताई है। पंजाब और हरियाणा में भी ठंड का असर तेज हो गया। दोनों राज्यों में बठिंडा सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से पांच डिग्री कम है।

**26 जनवरी को जमकर बरसेंगे बादल**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने तमिलनाडु में शनिवार और रविवार को केरल में 26 जनवरी को गरज के साथ बारिश का अनुमान जताया है। साथ ही अगले तीन दिनों में गुजरात में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है। आईएमडी ने 25 और 26 जनवरी को पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ हिस्सों में घने कोहरे की भी आशंका जताई है।

### रोहिणी आचार्य ने फिर से साधा निशाना

# असली कमान घुसपैठियों-साजिशकर्ताओं के हाथों में

**पटना।** आरजेडी प्रमुख और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने एक बार फिर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सुर्खियां बटोरी हैं। रोहिणी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके एक बार फिर अपने भाई और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर बिना नाम लिए हमला बोला है।

रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, जो सही मायनों में लालूवादी होगा, जिस किसी ने भी लालू जी के द्वारा, हाशिए पर खड़ी आबादी - वंचितों के हितों के लिए मजबूती से लड़ने वाली, खड़ी की गयी पार्टी के लिए निःस्वार्थ भाव से संघर्ष किया होगा, जिस किसी को भी लालू जी के द्वारा सामाजिक - आर्थिक न्याय के लिए किए गए सतत संघर्ष एवं प्रयासों का गौरवबोध होगा, जिसे लालू जी की राजनीतिक विरासत व विचारधारा को गर्व के साथ आगे ले जाने की परवाह होगी, वो अवश्य ही पार्टी की मौजूदा बदहाली के लिए जिम्मेवार लोगों से सवाल करेगा एवं ऐसे लोगों की संदिग्ध - संदेहास्पद भूमिका के खिलाफ अंजाम की परवाह किए बिना अपनी आवाज उठाएगा।

रोहिणी ने लिखा, वर्तमान की कड़वी, चिंताजनक एवं दुःखद सच्चाई यही है कि आज जनता के हक-हकूक की लड़ाई लड़ने के लिए जानी जाने वाली, जन-जन की पार्टी की असली कमान फासीवादी विरोधियों के द्वारा भेजे गए वैसे घुसपैठियों-साजिशकताओं के हाथों में है।

## कपड़ा व्यापारी के बेटे की अपहरण के बाद हत्या

**चित्रकूट।** जिले के बरगढ़ थाना क्षेत्र में कपड़ा व्यापारी के बेटे की अपहरण के बाद हत्या से पूरा बरगढ़ सदमे में है। घटना से लोगों में आक्रोश है। शनिवार को अंतिम संस्कार के लिए जब आयुष की अर्थी घर से उठी, तो पूरा कस्बा गमगीन हो गया। हर आंख नम थी और चेहरे पीड़ा से भरे नजर आए। वहीं उसकी मां बार-बार सिर पीटकर यही चीखती रही कि आखिर मेरे लाल ने किसी का क्या बिगाड़ा था जो उसे ऐसी मौत दी। इस हृदय विदारक घटना के विरोध और मृतक बच्चे के प्रति संवेदना जताने के लिए बरगढ़ के व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद रखीं, जिससे बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। आम दिनों में चहल-पहल से गुलजार रहने वाला बरगढ़ शोक में डूबा नजर आया। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, परिजन, परिचित, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के लोग मौजूद रहे। बच्चे के शव को देखकर लोगों का कलेजा फट जा रहा था।

# डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा को दी धमकी

## चीन के साथ डील की तो 100% टैरिफ लगा दूंगा



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब कनाडा को खुली धमकी दी है और कहा है कि अगर चीन के साथ किसी तरह का व्यापार समझौता किया तो फिर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगा देंगे। सोशल मीडिया पोस्ट ट्रुथ में, ट्रम्प ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है कि वह कनाडा को चीन के लिए एक 'ड्रॉप ऑफ पोर्ट' बना देंगे, जहां से चीन अमेरिका में सामान और उत्पाद भेजेगा, तो वह बहुत बड़ी गलती कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा, अगर कनाडा चीन के साथ समझौता करता है, तो अमेरिका में आने वाले सभी कनाडाई सामानों और उत्पादों पर तुरंत 100% टैरिफ लगा दिया जाएगा।

इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को भी ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका की प्रस्तावित गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस प्रोजेक्ट को खारिज करने पर कनाडा को चेतावनी दी थी और कहा था कि, वो समझ नहीं रहे हैं, चीन एक साल के भीतर उन्हें निगल जाएगा। ट्रंप ने कनाडा को लेकर कहा कि अमेरिका का पड़ोसी देश अमेरिका समर्थित सुरक्षा के बजाय चीन के साथ रिश्ते बढ़ाने में जुटा है। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, कनाडा, ग्रीनलैंड पर गोल्डन डोम के निर्माण का विरोध कर रहा है, जबकि गोल्डन डोम कनाडा की रक्षा करेगा। इसके बजाय उन्होंने चीन के साथ व्यापार करने के पक्ष में मतदान किया है, जो पहले ही साल में उन्हें 'निगल जाएगा'। दरअसल, दावोस वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिका की अगुआई वाली वैश्विक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए गंभीर चेतावनी दी थी और कहा था, दुनिया अब किसी सामान्य बदलाव से नहीं बल्कि विनाशकारी दरार के दौर गुजर रही है, जहां दशकों पुराने नियम आधारित व्यवस्था अब धुंधली पड़ती जा रही है। कार्नी ने कहा था, मिडिल पावर्स को एकजुट होकर काम करना होगा।अगर हम टेबल पर नहीं हुए तो मेन्यू में होंगे। उनका इशारा अमेरिका की तरफ था और उनके इसी भाषण से ट्रंप नाराज चल रहे हैं।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376**। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
रविवार, 25 जनवरी, 2026


# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन पहुंचे मथुरा

## भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत, बांकेबिहारी के करेंगे दर्शन, सीएम योगी भी होंगे साथ

एनएनआई

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन रविवार को मथुरा पहुंचे। वे अक्षय पात्र में मन की बात कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद बांकेबिहारी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। बाजना कट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया गया। पार्टी अध्यक्ष के आगमन से भाजपाइयों में उत्साह का माहौल है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगवानी करने के लिए प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10:15 बजे नितिन नवीन अक्षय पात्र के चंद्रोदय मंदिर, वृंदावन पहुंचेंगे, जहां वे पूर्वाह्न 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात में सहभागिता करेंगे। इसके उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर श्रीबांके बिहारी मंदिर पहुंचकर दर्शन एवं पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद का समय भोजन के लिए आरक्षित रहेगा। दोपहर में वह भाजपा विधायक राजेश चौधरी की माताजी के निधन पर उनके आवास पहुंचकर शोक-संवेदना व्यक्त करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष कार द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।





भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे से पहले शनिवार को मंडलायुक्त और डीआईजी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। वीआईपी दर्शन के लिए बांकेबिहारी मंदिर में रेलिंग व्यवस्था में बदलाव के साथ ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने के निर्देश दिए थे।

# बांकेबिहारी मंदिर में सेवायतों की दबंगई

## महिला श्रद्धालु की अंगुलियां तोड़ीं, एफआईआर दर्ज

एनएनआई

**मथुरा।** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर, सितारगंज निवासी सुमित्रा शुक्रवार सुबह श्रीबांकेबिहारी मंदिर दर्शन करने पहुंची थीं। तभी मंदिर प्रांगण में लगी रेलिंग के गेट पर जाने के लिए उन्होंने कदम आगे बढ़ाए। महिला का आरोप है कि तभी वहां मौजूद मोहित गोस्वामी ने उसका हाथ पकड़ कर मरोड़ दिया। कहा कि पैसे दोगी तो दर्शन कराएंगे अन्यथा दर्शन नहीं करने देंगे।

गोस्वामी ने महिला श्रद्धालु को जान से मारने की धमकी दी है। महिला श्रद्धालु का हाथ टूट जाने पर मंदिर में मौजूद चिकित्सा टीम ने उनका प्राथमिक उपचार किया और जिला संयुक्त चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। यहां डॉक्टर ने हाथ की दो अंगुलियां में फ्रैक्चर बताया है। सीओ सदर पीतम पाल सिंह ने बताया कि महिला श्रद्धालु की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। श्रीबांकेबिहारी मंदिर के प्रवेश द्वार दो पर मंदिर की ओर से तैनात सुरक्षा गार्ड के साथ मंदिर के सेवायत गोस्वामी ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। सुरक्षा गार्ड ने वहां मौजूद पुलिसकर्मी से शिकायत की, लेकिन पुलिसकर्मी ने किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दी। इस मामले में



पीड़ित सुरक्षा गार्ड ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शनिवार सुबह श्रीबांकेबिहारी मंदिर के गेट दो पर राजस्थान सिक्योरिटी एजेंसी की ओर से सुरक्षा गार्ड सादाबाद के नगला चांद निवासी अनिल कुमार तैनात थे। कोतवाली में दी तहरीर में सुरक्षा गार्ड ने आरोप लगाया है कि वहां आए मंदिर के वृद्ध सेवायत गोस्वामी उनसे गाली गलौज करने लगे और डंडा मार दिया। जब सुरक्षा गार्ड ने इसका कारण गोस्वामी से पूछा तो उन्होंने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में वहां तैनात पुलिसकर्मी से जब सुरक्षा गार्ड ने शिकायत की तो पुलिसकर्मी ने भी कोई सहायता नहीं। जिस समय सुरक्षा गार्ड से गाली गलौज और मारपीट हुई, उस समय वहां राजस्थान सिक्योरिटी एजेंसी की ओर से सुरक्षा गार्ड राहुल शर्मा एवं ज्योति शर्मा भी तैनात थीं।

सीओ सदर पीतम पाल सिंह ने बताया कि सुरक्षा गार्ड के साथ हुई गाली गलौज एवं मारपीट की घटना की तहरीर आई है। जांच की जा रही है। इस मामले में आरोपी गोस्वामी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# हाथरस में महिला की मौत , 2 महीने पहले हुई थी शादी

**हाथरस** एनएनआई। सहपऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी रुस्तम में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने दहेज की मांग पूरी न होने पर फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान 22 वर्षीय जास्मीन के रूप में हुई है, जिसकी शादी दो महीने पहले गढ़ी रुस्तम निवासी एहसान से हुई थी। एहसान खेती-बाड़ी का काम करता है। जास्मीन मूल रूप से बुलंदशहर के गुलावठी क्षेत्र के गांव वमरा की रहने वाली थी। जास्मीन की मौत की सूचना मिलने पर उसके मायके वाले मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले जास्मीन को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। मायके पक्ष का कहना है कि ससुराल वालों ने ही फांसी लगाकर जास्मीन की हत्या की है। घटना के बाद ससुराल पक्ष के लोग मौके से गायब हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


# टप्पेबाजी के दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण क्षेत्र में टप्पेबाजी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर थाना दक्षिण पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अली खान उर्फ रजा और जावेद अली के रूप में हुई है। ये दोनों मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के जाबरा गांव, थाना बीमा खेड़ी के निवासी हैं।

पुलिस के अनुसार, 23 जनवरी 2026 को वादी सुनील कुमार जैन की दुकान से 12 जोड़ी बिछिया, दो जोड़ी तोड़िया और एक सोने की चेन टप्पेबाजी कर चोरी कर ली गई थी। पीड़ित की तहरीर पर थाना दक्षिण में मु0अ0सं0 87/2026 धारा 305 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गईं। सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच के बाद अभियुक्तों की पहचान की गई। इसी क्रम में 24 जनवरी 2026 को



मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों आरोपी लालऊ क्षेत्र के जंगलों में छिपे हुए हैं और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी की। इस दौरान संदिग्धों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई और उन्हें मौके पर ही दबोच लिया गया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचे, 04 जिंदा कारतूस, 06 खोखा कारतूस, चोरी की 12 जोड़ी बिछिया, 02 जोड़ी तोड़िया और एक पीली धातु की चेन बरामद की है।

# आखिर किसने की राज चौहान की हत्या!

## परिवार जन्मदिन मनाने की तैयारी में था, उससे पहले बुझ गया घर का चिराग

### राज चौहान की मारपीट का सीसीटीवी वीडियो वायरल



राज चौहान की हत्या से पहले का एक सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में राज चौहान सफेद शर्ट पहने हाथ में बेल्ट लेकर होटल के अंदर युवकों के साथ मारपीट करता नजर आ रहा है। होटल की गैलरी में उसके साथ 12 से 14 अन्य लोग भी मौजूद दिखाई देते हैं। राज के साथ मौजूद कुछ युवक भी मारपीट में शामिल हैं, जबकि एक युवक बीच-बचाव करता नजर आता है। बताया जा रहा है कि यह सीसीटीवी फुटेज राज चौहान के हत्याकांड से करीब दो दिन पहले किसी होटल का है।

### राज के शरीर में सात गोलियां, सीने से सटाकर किया गया कत्ल

राज चौहान की हत्या को लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने कई सनसनीखेज तथ्य उजागर किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, राज के शरीर पर कुल सात गोलियों के निशान पाए गए हैं, जबकि पुलिस को घटनास्थल से केवल पांच खोखे ही बरामद हुए थे। इससे साफ है कि हमलावरों ने बेहद नजदीक से और पूरी तैयारी के साथ वारदात को अंजाम दिया। जांच में सामने आया है कि हत्यारों का इरादा राज को किसी भी कीमत पर जिंदा न छोड़ने का था। बदमाशों को यह डर था कि अगर राज बच गया तो वह उनसे बदला ले सकता है। इसी कारण उसके सीने पर सटाकर गोली मारी गई, ताकि मौत सुनिश्चित हो सके। मृतक के भाई हर्ष ने इस पूरी घटना को साजिश करार दिया है। उसका कहना है कि राज शराब नहीं पीता था और वह जन्मदिन से पहले किसी पार्टी में जाने के लिए तैयार नहीं था। आरोप है कि दोस्तों ने जबरन उसे पार्टी के बहाने गेस्टहाउस ले जाया और वहां बीयर पिलाई गई, ताकि वह नशे की हालत में किसी तरह का विरोध या मुकाबला न कर सके। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर पूरे घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। हत्या के पीछे की साजिश और शामिल लोगों की भूमिका की गहन जांच की जा रही है।

### जुए की लूट बनी हत्या की वजह, शोएब ने पहले ही दे दी थी धमकी

राज चौहान की हत्या को लेकर पुलिस ने टेढ़ी बगिया निवासी शोएब मंसूरी, हजरत अंसारी और विष्णु पंडित उर्फ भुल्ला समेत कई बदमाशों की तलाश तेज कर दी है। बताया जा रहा है कि जेल में शोएब और राज के बीच तकरार हुई थी। राज द्वारा शोएब के संरक्षण में चल रहे जुए में लूट किए जाने से नाराज शोएब ने सार्वजनिक रूप से राज की हत्या की धमकी दी थी। शोएब और हजरत अंसारी का संबंध आलोक यादव गैंग से बताया जा रहा है, जिसके मुखिया के जेल जाने के बाद गैंग के सदस्य क्षेत्र में दहशत फैला रहे थे। इसके अलावा एक हिस्ट्रीशीटर द्वारा भी पूर्व में राज को जान से मारने की धमकी दिए जाने की जानकारी सामने आई है। राज चौहान पूर्व में प्रिंस उर्फ काली यादव को गोली मारने के मामले में करीब एक साल जेल में रह चुका था।

■ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज

एनएनआई

**आगरा।** टेढ़ी बगिया क्षेत्र में हुई सनसनीखेज हत्या ने पूरे इलाके को दहला दिया। जलेसर रोड स्थित एसएन स्टे गेस्ट हाउस में 22 वर्षीय राज चौहान की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। बेटे का शव देखकर मां बार-बार बेसुध होकर गिर पड़ीं। रोते-बिलखते हुए उन्होंने कहा जन्मदिन की तैयारी कर रही थी, उससे पहले ही मेरे बेटे को मार डाला। हत्या के बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए हाथरस जनपद के सादाबाद क्षेत्र स्थित पैतृक गांव बेदई लेकर रवाना हो गए। मामले में मृतक के चाचा की तहरीर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज की गई है।

पुलिस जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि दूसरे जिले के एक युवक ने सटीक सूचना देकर साथियों के साथ इस वारदात को अंजाम दिलवाया। शक के घेरे में आए कुछ संदिग्ध अपने परिजनों सहित फरार बताए जा रहे हैं। राज चौहान दोस्तों के कहने पर पार्टी करने गेस्ट हाउस गया था। शुक्रवार शाम करीब पाँच बजे उसे उसके परिचित भोला कलेसी, वरुण शूटर, कन्हैया और एक फौजी नामक युवक घर से बुलाकर ले गए। गेस्ट हाउस की चौथी मंजिल के कमरा नंबर-5 में कुल आठ लोग पहुंचे थे।

घटना के समय मौके पर मौजूद लोगों में विजय कश्यप (गोरक्षक), कन्हैया ठाकुर, वरुण शूटर, भोला कलेसी और रमता जोगी शामिल बताए गए हैं।

वारदात के वक्त ये सभी किसी न किसी बहाने से वहां से निकल गए। पुलिस को आशंका है कि इन्हीं में से किसी ने बदमाशों को सूचना देकर हत्या करवाई। जांच में यह भी सामने आया है कि जेल से रिहा होने के बाद राज चौहान पर जुए की फड़ों पर लूटपाट और जमीन विवादों में शामिल रहने के आरोप थे। मृतक के भाई हर्ष चौहान के मुताबिक राज ने घटना वाले दिन से एक दिन पहले ही दीवानी न्यायालय में जुलूस निकालने के एक मामले में अपनी जमानत कराई थी।

# 24 घंटे में एक और रंगबाजी युवक पर हमला



एनएनआई

**आगरा।** रंगबाजी में हुई राज चौहान की हत्या को 24 घंटे नहीं बीते थे कि न्यू आगरा के नगला पदी क्षेत्र में हत्या की सजा काट कर जेल से छूटे बदमाश ने साथियों संग युवक पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से मारने के बाद युवक भागा तो उस पर कई राउंड फायरिंग की। पुलिस के आने से पहले आरोपी धमकी देकर भाग निकला।

नगला पदी के चार खंबा क्षेत्र निवासी राहुल कश्यप भगवान टॉकीज चौराहे पर वेज बिरयानी की ठेल लगाता है। राहुल ने बताया कि क्षेत्र के अजीत ने उसके भाई को गाली दी थी। इसके बाद दोनों में झगड़ा हुआ था। आरोपी अजीत ने रात में परिवार के साथ जाते समय अभद्रता की थी। सुबह पिता उसकी मां के पास शिकायत करने गए तो दोनों ने मिलकर सुलह करवा दी। शनिवार दोपहर 2:30 बजे वह घर के पास की दुकान पर मित्रों से मिलने गया था।

इसी दौरान अजीत एक टेंपो में अपने साथी तन्नू, बिन्नी, सौरभ और कई अज्ञात युवकों के साथ आया। डंडे लेकर मारने दौड़ा। उसे रोका तो आरोपी अजीत ने पिस्टल निकालकर उनके ऊपर कई राउंड गोलियां चलाईं। वह जान बचाकर भागे। आरोपी हथियार लहराकर धमकाते हुए भाग निकले। घनी आबादी वाले क्षेत्र में हुई घटना के दौरान क्षेत्र में भगदड़ मच गई। लोग दहशत में आकर घरों में छिप गए। पीड़ित ने तत्काल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस को कारतूस के खाली खोखे मिले हैं। इंस्पेक्टर न्यू आगरा ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## युवती की बेरहमी से हत्या के बाद शव बोरे में बंद कर जवाहर पुल पर फेंका

एनएनआई

**आगरा।** जिले में अज्ञात युवती की हत्या कर उसका शव बोरे में बंद कर जवाहर पुल पर फेंक दिया गया। रात करीब एक बजे पुलिस को सूचना मिली कि जवाहर पुल पर एक संदिग्ध बोरा पड़ा है, जिसे कुछ लोग फेंककर भाग गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बोरे को कब्जे में लेकर खोला तो उसके अंदर एक युवती की लाश मिली। पुलिस ने शव को बाहर निकाला। सूचना पर डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास भी मौके पर पहुंच गए। प्रारंभिक जांच में युवती की उम्र करीब 28 वर्ष आंकी गई है। उसके चेहरे और गर्दन पर चोट के कई निशान मिले हैं, जिससे साफ है कि उसकी बेरहमी से हत्या की गई है। पुलिस का अनुमान है कि आरोपी शव को यमुना में फेंकने के इरादे से लाए थे, लेकिन किसी कारणवश पुल पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, फिलहाल युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मामले के खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। हाईवे और हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों तक पहुंचा जा सके। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि यह हत्या का मामला है और जल्द ही घटना का खुलासा करने के प्रयास किए जा रहे हैं।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।


## सिकंदरा थाने में पुलिस-वकीलों में तीखी बहस, मारपीट का आरोपी फरार

**आगरा (एनएनआई)।** मारपीट के मामले की सिकंदरा थाने में शिकायत करने आए अधिवक्ताओं और पुलिसकर्मियों के बीच बहस हो गई। दारोगा ने अधिवक्ताओं को शांतिभंग में जेल भेजने की धमकी दे डाली। इस बीच मारपीट का आरोपित युवक थाने से भाग निकला। हालांकि पुलिस ने उसके हिरासत में होने से इन्कार किया। पुलिस अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। मारपीट के मामले में दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है।दहतौरा निवासी रोहताश लोधी का गाय बांधने को लेकर मोहल्ले के ही नीतेश से रविवार सुबह विवाद हो गया देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। रोहताश लोधी अपने चचेरे भाई तेजेंद्र राजपूत के साथ सिकंदरा थाने में शिकायत करने पहुंचे थे। थाना परिसर में भीड़भाड़ अधिक होने पर दारोगा धर्मेंद्र ने हटने के लिए कहा। इसी बात पर दारोगा व अधिवक्ताओं के बीच कहासुनी हो गई। सूचना पर ऋषिराज चौहान के नेतृत्व में अन्य अधिवक्ता सुबह करीब दस बजे थाने पहुंच गए और विरोध दर्ज कराया। आरोप है कि दारोगा ने शांतिभंग में जेल भेजने की धमकी दी। इंस्पेक्टर सिकंदरा प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने समाधान की जगह फोन पर अभद्रता भाषा का इस्तेमाल किया। वहीं पुलिस का कहना है कि अधिवक्ता बिना वजह का दबाव बना रहे थे। उनसे कोई अभद्रता नहीं की गई है।

# दिल्ली के शातिर गोकश पिता-पुत्र चढ़े पुलिस के हत्थे, भेजे गए जेल

■ देश की राजधानी से विभिन्न राज्यों में लक्जरी कार से दोनों करते थे गौमांस की ऑन डिमांड सप्लाई

एनएनआई

**एत्मादपुर।** देश की राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्र में घुमने वाले निराश्रित आवारा छुट्टा गोवंश को क्रूरता से मारकर उनके मांस की ऑन डिमांड विभिन्न राज्यों के जिलों में लक्जरी कार में लेजाकर बिक्री करने वाले दो शातिर गोकश पिता-पुत्र को इलाका पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।




पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 25 सितंबर 2024 को कार केयूवी 100 संख्या डीएल 7, सीएम 7939 में चेकिंग के दौरान पशु मांस बरामद होने पर भाग निकले चालक और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ अवैध रूप से मांस ले जाने के संबंध में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। बरामद मांस की परीक्षण के दौरान गौ मांस की पुष्टि होने पर केस में उप्र गौवध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/5 (क)/8 की वृद्धि की गई थी। कार में मांस बरामद होने के समय दोनों आरोपी भाग गए थे। पुलिस टीम ने विगत दिवस उन्हें पहले दिल्ली में जाकर चिन्हित किया और फिर शनिवार को दबोचने में सफलता प्राप्त कर ली। गिरफ्तार किए गए आरोपी ताबिश (21 वर्ष) पुत्र ताहिर हुसैन और ताहिर हुसैन पुत्र अब्दुल सत्तार (48 वर्ष) दोनों निवासी डी-25 वेलकम सीलमपुर दिल्ली (वर्तमान पता वाई-75 लकड़े मार्केट सीलमपुर थाना वेलकम नॉर्थ ईस्ट दिल्ली) हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह, चौकी छलेसर प्रभारी कपिल कुमार, उपनिरीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह, कांस्टेबल रामू, अभिषेक विश्वकर्मा शामिल थे।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com

रविवार, 25 जनवरी, 2026



## अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में स्मार्टर कैंसर के लिए किया जागरूक

**आगरा (एनएनआई)।** डॉ. भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान संस्थान के विस्तार संचार एवं प्रबंधन विभाग (महिला सशक्तिकरण केंद्र) द्वारा उत्थान फाउंडेशन, दिल्ली एवं सक्षम सोसाइटी, जयपुर (राजस्थान) के सहयोग से कैंसर अनुसंधान एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में उभरते रुझान विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन को किया गया। कॉन्फ्रेंस की थीम स्मार्टर कैंसर केयर के लिए ऑनकोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का समन्वय रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी ने की जिनके निर्देशानुसार प्रो अचला गक्कर ने यह अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ऑनलाइन माध्यम (गूगल मीट) के जरिए प्रतिदिन आयोजित की गई, जिसमें देश-विदेश के शिक्षाविदों, चिकित्सकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कॉन्फ्रेंस के प्रथम दिवस का शुभारंभ गृह विज्ञान संस्थान की निदेशक प्रो. अचला गक्खड़ के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के निदान एवं उपचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए इसके भविष्यगत महत्व को रेखांकित किया। प्रमुख वक्ता के रूप में पी. भवानी, विभागाध्यक्ष, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैरिस स्टेला कॉलेज, विजयवाड़ा ने कैंसर डिटेक्शन, डायग्नोसिस एवं स्क्रीनिंग से संबंधित वैज्ञानिक एवं विस्तृत जानकारी साझा की तथा प्रारंभिक जांच की अनिवार्यता पर जोर दिया। इसके पश्चात डॉ. कुसुम तिवारी, एजुकेटर एवं होलिस्टिक काउंसलर (नेशनल काउंसिल, सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश) ने कैंसर रोगियों के मानसिक, भावनात्मक एवं समग्र स्वास्थ्य पर आधारित होलिस्टिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। कॉन्फ्रेंस के द्वितीय दिवस में विभिन्न तकनीकी सत्रों एवं शोध पत्र प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया।

प्रथम सत्र में अंतरराष्ट्रीय अतिथि डॉ. रानिया लैम्पू ने शोध पत्र प्रस्तुत करते हुए वैश्विक स्तर पर कैंसर अनुसंधान एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नवीन रुझानों पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में विशेष अतिथि डॉ. संदीप जसूजा, सुपरिटेंडेंट, स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, जयपुर एवं विभागाध्यक्ष, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, एसएमएस अस्पताल, जयपुर ने कैंसर उपचार में एआई की व्यावहारिक उपयोगिता तथा पर्सनलाइज्ड ट्रीटमेंट की महत्ता पर अपने विचार साझा किए।

## सामाजिक न्याय की जीवंत विचारधारा थे कपूरी ठाकुर : शब्बीर अब्बास

एनएनआई




**आगरा।** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास ने कहा जननायक कपूरी ठाकुर केवल एक व्यक्तित्व नहीं थे, बल्कि सामाजिक न्याय की एक सशक्त और जीवंत विचारधारा थे। उन्होंने पिछड़े, दलित, वंचित और शोषित समाज को सम्मान और अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने सादगी, ईमानदारी और सिद्धांतों की राजनीति को स्थापित किया। आज जब सामाजिक न्याय और संविधान की मूल भावना पर प्रश्नचिह्न लगाए जा रहे हैं, ऐसे समय में कपूरी ठाकुर जी के विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं।

भारत रत्न, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती के अवसर पर जनपद आगरा में समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा की जिला अध्यक्ष सुलेखा श्रीवास्तव, सुनील चित्तोड़िया, राजीव सविता एवं नरेन्द्र सविता के नेतृत्व में सविता समाज द्वारा एक भव्य जन जागरण वाहन रैली का आयोजन किया गया।

यह रैली त्रिदेव गेस्ट हाउस, सौ फुटा रोड, कालिंदी विहार, ट्रांस यमुना, आगरा से प्रारंभ हुई। रैली मार्ग त्रिदेव गेस्ट हाउस, छलेसर, कुबेरपुर, इनर रिंग रोड, रमाडा, तोरा पुलिस चौकी, फतेहाबाद रोड, समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पहुँची, जहाँ महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास, प्रदेश ममता टपलू, निर्वतमान मीडिया प्रभारी पवन प्रजापति, संतोष पाल, देवेंद्र यादव एवं पप्पू यादव द्वारा सभी प्रतिभागियों का माल्यार्पण एवं पट्टे पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

## ताजनगरी में भव्यता के साथ मनाया गया 'उत्तर प्रदेश दिवस'

### यूपी दिवस: योगी सरकार की विकास यात्रा और जनकल्याणकारी नीतियों की दिखी झलक

- राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ, गिनाई योगी सरकार की उपलब्धियां
- मंत्री बोले- 2017 से पहले कर्फ्यू लगता था, अब यूपी देश में कानून व्यवस्था की मिसाल

एनएनआई



**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए ताजनगरी आगरा में 'उत्तर प्रदेश दिवस' भव्यता के साथ मनाया गया। संजय प्लेस स्थित शहीद स्मारक परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में योगी सरकार की विकास यात्रा और जनकल्याणकारी नीतियों की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति और विधायक डॉ. जीएस धर्मेश ने अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और फीता काटकर किया।

समारोह के दौरान लखनऊ के राष्ट्र प्रेरणा स्थल से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे आगरा में उपस्थित जनसमूह ने बड़ी स्क्रीन पर देखा और सुना। इस मौके पर आगरा जनपद में कृषि, उद्योग और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों, उद्यमियों और लाभार्थियों को राज्य मंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। उन्होंने पूर्व की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में आए दिन जातीय और धार्मिक दंगे होते थे और शहरों में कर्फ्यू लगता था। लेकिन आज योगी सरकार के नेतृत्व में यूपी 'दंगा मुक्त' है और कानून व्यवस्था पूरे देश में एक मिसाल बनी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी ने एक भी दिन की छुट्टी लिए बिना यूपी को 'बीमारू राज्य' की श्रेणी से बाहर निकाल कर 'विकसित राज्य' बनाने की दिशा में काम किया है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी, मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह सहित जिले के तमाम वरिष्ठ अधिकारी और छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कैडेट्स ने जन जागरण रैली निकाली




एनएनआई

**आगरा।** एनसीसी आर्मी विंग आगरा कॉलेज के कैडेट्स ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक जन जागरण रैली का आयोजन किया, जिसका शुभारंभ प्राचार्य प्रो सीके गौतम ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली आगरा कॉलेज परिसर से प्रारंभ होकर एमजी रोड होते हुए एसएन मेडिकल कॉलेज पहुंची, जहां कैडेट्स ने उपस्थित लोगों को जागृत करते हुए कहा कि देश के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाली नारी शक्ति को उनका अधिकार मिलना चाहिए। उन्हें उचित अवसर प्रदान किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो सीके गौतम ने कहा कि आज बालिकाएं प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी हैं और देश के विकास में अपना अमूल्य योगदान प्रदान कर रही हैं। रैली का नेतृत्व कंपनी कमांडर कैप्टन अमित अग्रवाल ने किया।

इस अवसर पर एसयूओ मनोज जुरैल, एसयूओ, यूओ यामिनी चाहर, सार्जेंट प्रिया चाहर, हिमांशु, राहुल देशवाल, समायरा , संजना, राखी, हृदय, कैडेट प्राशी अग्रवाल, प्रिया, दीक्षा, पूजा शाक्य, सगुण, प्रवीण,अनुष्का, रियान, हर्षित आदि कैडेट्स उपस्थित थे।

# एसएन मेडिकल कॉलेज की बड़ी उपलब्धि

एनएनआई



आगरा। एस.एन. मेडिकल कॉलेज ने सुपर स्पेशलिटी और एम्स परीक्षाओं में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कुल 29 डॉक्टरों का चयन कराया। सर्जरी, मेडिसिन और रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के चिकित्सकों ने देशभर में उत्कृष्ट रैंक हासिल कर न केवल संस्थान बल्कि पूरे आगरा का नाम रोशन किया। सर्जरी विभाग के डॉ. प्रखर सिंह ने एम्स पटना में 24वीं रैंक प्राप्त कर प्लास्टिक सर्जरी में चयन पाकर कॉलेज को गौरवान्वित किया। सर्जरी विभाग के अन्य चयनित डॉक्टरों में डॉ. शिवम खंडेलवाल, डॉ. अनूप, डॉ. सागर, डॉ. प्रशांत गुप्ता, डॉ. सोहम शाह, डॉ. शुभम तिवारी, डॉ. फराज खान, डॉ. ऋषभ यादव, डॉ. शिवकांत, डॉ. प्रतीक जैन, डॉ. आकाश, डॉ. श्रेया, डॉ. ललित, डॉ. शिवा और डॉ. वर्षा शामिल हैं, जिन्होंने कॉलेज को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊँचाई दी। रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के डॉ. कृष्णकांत त्रिपाठी ने पल्मोनरी मेडिसिन में 20वीं रैंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की मेडिसिन विभाग ने इस वर्ष सबसे अधिक 12 डॉक्टरों का चयन किया। चयनित डॉक्टरों में डॉ. मिलिंद अग्रवाल, डॉ. रूहानी आहूजा, डॉ. अक्सा जाफरी, डॉ. नितेश, डॉ. प्रिया, डॉ. साहिल विज, डॉ. प्रियंका जोशी, डॉ. आइंस्टीन सरकार, डॉ. संदीप्ता पांडा, डॉ. किरुभाकर, डॉ. अनुपम शुक्ला और डॉ. निमिष गुप्ता शामिल हैं। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि यह डॉक्टरों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और कॉलेज की गुणवत्ता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ये डॉक्टर भविष्य में उट और टटँ जैसी उच्च उपाधियाँ प्राप्त कर देश और समाज को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएँ देंगे। यह सफलता रठटउ के लिए गर्व का क्षण है और आगरा को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में मजबूती से स्थापित करती है।

# आज की जागरूक बालिका ही कल का सशक्त भारतः डॉ पंकज

- आईएमए ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का किया आयोजन

एनएनआई




आगरा। आईएमए द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 25 से अधिक स्थानों पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं उनके समग्र विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सामूहिक जिम्मेदारी को सुदृढ़ करना रहा।इस अवसर पर आईएमए आगरा के अध्यक्ष डॉ. पंकज नगायच ने कहा कि बालिकाओं का स्वस्थ होना केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। आज की जागरूक बालिका ही कल का सशक्त भारत बनाएगी। संस्था के सचिव डॉ राजनीश मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वास्थ्य के प्रति सही जानकारी और समय पर चिकित्सा परामर्श से बालिकाओं का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। आईएमए आगरा इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। महिला विंग की चेयरपर्सन डॉ. स्वाति ने कहा कि बालिकाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता पर भी ध्यान देना आवश्यक है। महिला विंग आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करती रहेगी। आईएमए आगरा ने यह संदेश दिया कि स्वस्थ, शिक्षित एवं सशक्त बालिका ही मजबूत समाज की आधारशिला है, और संस्था भविष्य में भी इस उद्देश्य के लिए सतत रूप से कार्य करती रहेगी।

# हॉलसेल सीमेंट व्यापार अब एडवांस चेक से होगा, उधारी वापसी में होगी आसानी





- आगरा सीमेंट हॉलसेलर्स एसोसिएशन की बैठक में व्यापार में पारदर्शिता लाने पर हुआ मंथन

एनएनआई

आगरा। आगरा सीमेंट हॉलसेलर्स एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक विजय नगर स्थित कलेवा रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में सीमेंट व्यापार से जुड़े अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। *अध्यक्ष मनोज गुप्ता* ने कहा कि भविष्य में हॉलसेल सीमेंट व्यापारी रिटेलरों से बिना एडवांस चेक के व्यापार नहीं करेंगे। इस निर्णय का उद्देश्य व्यापार में पारदर्शिता लाना और दी गई उधारी की समय पर वापसी सुनिश्चित करना है। एडवांस चेक से व्यापार करने से दोनों पक्षों के हित सुरक्षित रहेंगे और विवादों की स्थिति से बचा जा सकेगा।

सचिव दिलीप अग्रवाल ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए स्थायी कार्यालय की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन के सुचारु संचालन के लिए एक कार्यालय स्थापित किया जाना चाहिए, जिसमें संगठन के खर्च पर दो जिम्मेदार कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए, ताकि सदस्यों को बेहतर सुविधा मिल सके।

कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल ने सुझाव दिया कि संगठन की गतिविधियों को सक्रिय बनाए रखने के लिए हर माह नियमित बैठक आयोजित की जाए, जिससे संगठन से जुड़े लगभग 100 सदस्य अपनी समस्याएं और सुझाव खुलकर रख सकें। उनके इस सुझाव का सदस्यों ने समर्थन किया। बैठक में चेक के माध्यम से व्यापार करने के निर्णय का सभी सदस्यों ने स्वागत किया और इसे भविष्य में लागू करने पर सर्वसम्मति से सहमति जताई। धन्यवाद संजय गुप्ता ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अनिल वार्ष्णेय, नितिन अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, मयंक गोयल, गोपाल अग्रवाल, रामसेवक गोस्वामी, गिरीश चंद्र गोयल, विजित गुप्ता, मुरारी लाल गोयल, देवकीनंदन खंडेलवाल, लक्ष्मीकांत, निरुत्तम आदि मौजूद रहे।




# देशी माटी-देशी मिजाज के राजनेता थे जननायक कपूरी ठाकुर

- गरीब, पिछड़े और शोषितों की आवाज बने थे भारतरत्न कपूरी ठाकुर
- पिछड़ों और वंचितों की सेवा में गुजरा जननायक कपूरी ठाकुर का संपूर्ण जीवन
- सविता सैन नंद महासभा ने आयोजित किया कपूरी ठाकुर का 102वां जन्मजयंती समारोह

एनएनआई



आगरा। गरीबी की कोख से निकले जननायक कर्पूरी ठाकुर पिछड़े व शोषित के लिए मसीहा थे। उन्होंने अपने निर्णय से समाज को एक नई दिशा दी। जिनके आदर्श पर आज भी चलने की जरूरत है। कर्पूरी ठाकुर ने सभी जाति, धर्म के लोगों के हितों में काम किया है और मुख्यमंत्री रहते हुए बिहार के लिए जो कुछ उन्होंने किया है वह अद्वितीय है। ये कहना था सविता सैन नन्द महासभा की ओर से राजपुर चुंगी स्थित कर्पूरी चौक पर आयोजित भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती समारोह में केंद्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य भुवन भूषण कमल का। कार्यक्रम की शुरूआत विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ. जीएस धर्मेश, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया और जिला पंचायत सदस्य हरिकृपाल सविता ने कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि भुवन भूषण कमल ने कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश में विशेषकर पिछड़ों, वंचितों और गरीबों के मुख्यमंत्री थे। कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन पिछड़ों और प्रताड़ित लोगों की सेवा में बीत गया कपूरी ठाकुर देशी माटी में जन्मे देशी मिजाज के राजनेता थे, जिन्हें ना पद का लोभ था, ना उसकी लालसा। वे राजनीति में हमेशा अजेय ही रहे, वे कभी चुनाव नहीं हारे, एक बार उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री पद को शोभित हुए। संस्थापक चंद्रभान सिंह समाधिया ने बताया कि सुबह कपूरी ठाकुर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर बाइक रैली की शुरूआत हुई। जो कर्पूरी चौक से शुरू होकर राजपुर रोड, शहीद नगर तिराहा, विवेकानंद चौराहा, शहीद भगत सिंह चौराहा, नेताजी सुभाष चंद्र चौराहा आदि प्रमुख स्थानों से होते हुए पुनः कर्पूरी चौक पर समाप्त हुई। समारोह में सविता समाज के लोगो ने आगामी चुनावों में संख्या बल के आधार पर अपनी राजनैतिक हिस्सेदारी की मांग की। सविता समाज के लगभग 50 मेधावी छात्र-छात्राओं और 150 वयोवृद्ध सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र सविता ने मांग उठाई की कर्पूरी ठाकुर की मृत्यु आज भी संदेहपद बनी हुई है इसकी जाँच हो और 27 प्रतिशत आरक्षण में जातियों को जनसँख्या के आधार हो ताकि किसी विशेष जाति ही लाभ ना प्राप्त कर सके। सभी का धन्यवाद पवन सिंह ने दिया। संचालन जिलाध्यक्ष मनीष सविता ने किया। इस अवसर पर पार्षद फूल प्यारी, लक्ष्मी वर्मा, धर्मवीर सिंह लोधी, कैप्टन जगदीश प्रसाद, साहब सिंह, मुकेश सविता, डॉ कृष्ण कुमार, हरिओम सविता, राम सेवक, राजू फलोरिया, महेंद्र नाथ, जगदीश पचौरी, राहुल आर्य, रिंकू निबोरिया, विष्णु वर्मा, राम स्वरूप, श्याम सुन्दर सविता, राकेश सविता, कुलदीप सविता, प्राची किशोरी, सुनीता देवी, डॉ महेश, राजू सविता आदि मौजूद रहे।

newsnextindia1@gmail.com
हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


## पुलिस ने सात घंटे में 97 लाख की चोरी का खुलासा

# शू फैडरेशन ने किया सम्मान



■ फैडरेशन ने सीसीटीवी कैमरा व कंट्रोल रूम बनवाकर देने की घोषणा की

एनएनआई

**आगरा।** मात्र सात घंटे में 97 लाख की चोरी का मामला सुलझाने पर आज द आगरा शू फैक्टर्स फैडरेशन ने समस्त पुलिस टीम के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हींग की मंडी स्थित फैडरेशन कार्यालय में समस्त टीम को स्मृति चिन्ह व पटका पहनानकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एसीपी वीरेन्द्र दुबे, फैडरेशन के अध्यक्ष विजय सामा, एमएम गेट के थानाध्यक्ष रोहित जी, नाई की मंडी के थानाध्यक्ष हरेन्द्र जी ने फैडरेशन के संस्थापक स्व.राजकुमार सामा के मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया।

फैडरेशन के अध्यक्ष विजय सामा ने कहा कि पुलिस टीम ने मुख्यमंत्री की सेवा सुरक्षा और संवेदना की बात को सत्यार्थ किया। मात्र सात घंटे में चोरी का मामला सुलझा दिया। सम्मान के साथ फैडरेशन द्वारा सीसीटीवी केमरा व कंट्रोल रूप बनवाकर देने की घोषणा भी की गई। इस तरह की चोरी की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसमें मदगगार साबित होंगे सीसीटीवी कैमरे व कंट्रोल रूम। जिससे व्यापारी सुरक्षित माहौल में अपने व्यापार को कर सकेंगे।

इस अवसर पर मौजूद एसीपी वीरेन्द्र दुबे ने कहा कि व्यापारियों का विश्वास था पुलिस व सासन प्रशासन पर। जिस पर हम खरे उतरे। सही समय पर हमें सूचना मिले इसलिए भी हम अच्छा काम कर पाए। हम सभी घटनाओं के लिए अच्छा और सही करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने हाल ही में घटित अन्य घटनाओं की सफलता पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य रूप से नरेन्द्र पुरुस्नानी, दिलप्रीत सिंह, अजय महाजन, अनिल लाल, हरीश वांजनी, सुरेश सीतलानी, गोवर्धन सुनेजा, संजय मगन,चाँद दीवान, प्रमोद जैन, मोना भाई, मुरलीधर जी, राजेश कर्मचंदानी, प्रमोद महाजन, घनश्याम दास जी, दिलीप खुबचंदानी, सुनील विज, भीष्म लालवानी,ईश्वर सेवकानी,ललित जी आदि उपस्थित थे।

### इन पुलिसकर्मियों का किया सम्मान

थानाध्यक्ष रोहित कुमार थाना मदन मोहन गेट, एसआई हरेंद्र कुमार थाना अध्यक्ष नाई की मंडी, एसआई सौरभ सिंह प्रभारी साइबर सर्विलांस टीम, अमित कुमार प्रभारी साइबर ऑपरेशन/काउंटर इंटेलीजेंस टीम, शुभम सिद्धू, साइबर काउंटर इंटेलीजेंस टीम, कमिश्नरेट आगरा एसआई सुधांशु वाजपेयी साइबर सर्विलांस टीम, एसआई सचिन रोशा साइबर सर्विलांस टीम, एसआई विश्वेश्वर पंवार थाना एमएमगेट, एसआई शिवम राठी थाना एमएमगेट, एसआई विकास थाना एमएम गेट, एसआई मोहित कुमार थाना एमएम गेट, कां अजय सिंह, कां आदेश, कां पवन, कां विजय, कां नितिन बालियान, कां अनूप, कां विनय साइबर सर्विलांस/काउंटर इंटेलीजेंस टीम, कां शुभम वर्मा थाना एम0एम0गेट, कमिश्नरेट आगरा।



# बसंती उल्लास में रंगा दाऊजी महाराज मंदिर

एनएनआई

**आगरा।** बसंत ऋतु के उल्लासपूर्ण आगमन पर आगरा व्यापार मंडल के तत्वावधान में राजाधिराज बृजराज श्री दाऊजी महाराज मंदिर, मोती कटरा पर बसंत पंचमी उत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, व्यापारियों ने सहभागिता कर प्रभु के चरणों में हाजिरी लगाई।

उत्सव के अवसर पर मंदिर प्रांगण को बसंती रंगों एवं पुष्पों से भव्य रूप से सजाया गया। प्रभु दाऊजी महाराज को पीतांबर धारण कराए गए तथा विधि-विधान से विशेष पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भाव से सराबोर हो गए।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छप्पन भोग सेवा रही, जिसमें प्रभु को विविध व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। महाआरती उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। पूरे वातावरण में ह्वदाऊजी महाराज की जयह्व के जयकारे गूंजते रहे और बसंत पंचमी का पर्व आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष टीएन अग्रवाल, महामंत्री अशोक मँगवानी, महामंत्री राकेश बंसल, कोषाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, मंत्री राजेंद्र गुप्ता, राजीव गुप्ता, दुष्यंत गर्ग आदि उपस्थित रहे।



## बसंत मिलन समारोह मनाया

**आगरा एनएनआई।** बसंत मिलन समिति, पश्चिमपुरी द्वारा वाजपेयी आश्रम, पश्चिमपुरी चौराहा आगरा पर बसंत मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला जज श्रीमान महेश नौटियाल व सिविल जज शम्स रहमान व देवेश बाजपेयी, भुवन द्विवेदी (उपमहाप्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक) व एड सुरेशचंद शर्मा, डॉ उमापति दीक्षित आदि मौजूद रहे। साथ ही काव्यपाठ डॉ रुचि चतुर्वेदी, पदम गौतम व अशोक चौबे डीजीसी ने किया। आयोजन समिति में दीपक चौबे, आनंद राय, रवि चौबे, अरुणेंद्र तिवारी, आयुषी चौबे आदि रहे।

# बड़ों के पाँव छूने से कभी इज्जत नहीं जाती..



एनएनआई

**आगरा।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शुक्रवार को सिकंदरा- बोदला रोड स्थित द नंबरदार्स बैंक्वेट हॉल में सरस्वती पूजन, कवि सम्मेलन और साहित्यकारों के सम्मान के साथ साहित्यिक, सामाजिक व सांस्कृतिक प्रकल्पों को समर्पित सारंग फाउंडेशन का गरिमामयी शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि महापौर हेमलता दिवाकर, समारोह अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि सोम ठाकुर, विशिष्ट अतिथि श्री मनकामेश्वर मंदिर के महंत योगेश पुरी, संस्कार भारती के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य बाँकेलाल गौड़, दीनदयाल धाम के निदेशक सोनपाल जी, सारंग फाउंडेशन के संरक्षक शिवराज शर्मा शास्त्री, तपन ग्रुप के चेयरमैन समाजसेवी सुरेश चंद्र गर्ग, सरस्वती विद्या मंदिर दीनदयाल धाम के प्रबंधक नरेंद्र पाठक और सारंग फाउंडेशन के अध्यक्ष ओज के सशक्त कवि सचिन दीक्षित ने माँ शारदे की छवि के समक्ष दीप जलाकर समारोह का शुभारंभ किया।

समारोह में मंच पर मौजूद अतिथियों ने शायर दीपांशु शम्स को सारंग युवा सम्मान-2026 के साथ-साथ सुप्रसिद्ध कवयित्री डॉ. ज्योत्स्ना शर्मा, रामेंद्र शर्मा रवि, संजय गुप्त, राकेश निर्मल, नूतन अग्रवाल, अलका अग्रवाल, सागर गुजराती, दीक्षा रिसाल, हरेंद्र शर्मा, मुकुल, रंजन मिश्र और प्रिया शुक्ला सहित 12 कवि- साहित्यकारों को सारंग सम्मान प्रदान किया। संचालन कवि पदम गौतम ने किया। जितेंद्र फौजदार, ब्रजकिशोर, पूर्व पार्षद अमित ग्वाला, पूर्व विधायक महेश गोयल, पार्षद गौरव शर्मा और प्रतिभा जिंदल सहित तमाम महनीय लोग इस दौरान मौजूद रहे। गीत ऋषि सोम ठाकुर ने कवि सम्मेलन की अध्यक्षता की और अपने गीतों से समारोह को यादगार बना दिया।

# वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लगी प्रदर्शनी

एनएनआई

**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल के मार्गदर्शन में वंदेमातरम् राष्ट्रीय गीत के इतिहास पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन मण्डल कार्यालय परिसर में किया जा रहा है।

वंदेमातरम राष्ट्रीय गीत के ऐतिहासिक महत्व एवं इसके विकास से संबंधित इस प्रदर्शनी को कर्मचारियों एवं आगंतुकों द्वारा अत्यंत सराहा जा रहा है। प्रदर्शनी के माध्यम से राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ वंदेमातरम् के गौरवशाली इतिहास से सभी को परिचित कराया जा रहा है।



इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी सनत जैन ने अपने संबोधन में बताया कि वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह प्रदर्शनी समाज को, विशेषकर नई पीढ़ी को, अपने समृद्ध इतिहास एवं राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं में देशभक्ति की भावना और अधिक प्रबल होती है।

इस अवसर पर सहायक कार्मिक अधिकारी नितिन सिंह, प्रवीन कुमार, मुख्य हित निरीक्षक सहित अन्य रेल कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# किसानों को बिना आर्थिक शोषण के समय पर मिलेगा फसली ऋण

एनएनआई



**एत्मादपुर।** सहकारी ग्राम्य विकास बैंक शाखा एत्मादपुर और खंदौली के चुनाव में विजयी घोषित हुए भाजपा समर्थित नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों (अध्यक्ष) ने कहा है कि किसानों के हित और अधिकारों की रक्षा उनकी पहली प्राथमिकता होगी। सहकारी ग्राम्य विकास बैंक शाखाओं में बिना किसी आर्थिक शोषण के समय से फसली ऋण दिलाने की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी।

चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने पर निर्वाचन अधिकारी (नायब तहसीलदार) हरीलाल चौधरी ने ब्लाक मुख्यालय कार्यालय में एत्मादपुर शाखा के अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित शंकरध्वज सिंह धाकरे (नगला बेल) को विजयी प्रमाण पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर और खंदौली शाखा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गिर्राज सिंह पचौरी (नयाबास चौकड़ा), भाजपा के विधानसभा संयोजक मनवीर सिंह चौहान, साधन सहकारी समिति बरहन के अध्यक्ष अरविंद सिंह धाकरे, भाजपा कुबेरपुर मंडल अध्यक्ष एवं बिहारीपुर ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान नरेंद्र सिंह सिकरवार आदि मौजूद थे। विजयी प्रमाण पत्र मिलने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष शंकरध्वज सिंह धाकरे स्थानीय शाखा पहुंचे। जहां उनका शाखा प्रबंधक और कर्मचारियों ने स्वागत किया। बरहन रोड नई बस्ती में व्यापार मंडल अध्यक्ष रामप्रताप सिंह तोमर के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इसके बाद योग प्रशिक्षण केंद्र श्री सिद्ध गुफा बनवाई धाम आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। नगला गोल में प्रधान पति वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

# रेलवे ट्रैक के पास पड़ा मिला महिला का शव



**बाह (एनएनआई)।** रेल लाइन के ट्रैक स्थित चौसिंगी गांव के नजदीक केदारपुरा गांव की मिथलेश (50) का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। पहचान के लिए सोशल मीडिया पर वायरल हुआ महिला का फोटा देख कर मायके बसंतीपुरा गांव से परिजन पहुंचे। शरीर पर चोट के निशान नहीं थे, मृतका की मां कालिंदी ने मौत को लेकर ससुरालियों पर सवाल उठाए हैं। केदारपुरा गांव की मिथलेश परिजनों के साथ दिल्ली में रहती थी। गांव में घर बनवाने के लिए आई थी। शनिवार की सुबह सास इलायची और मिथलेश के बीच लड़ाई हुई थी। उसके कुछ देर बाद उसका शव गांव से आधा किमी दूर रेलवे ट्रैक के किनारे पर पड़ा मिला था। शव मिलने की सूचना पर बाह पुलिस मौके पर पहुंच गई। मायके बसंतीपुरा में सोशल मीडिया पर मिथलेश का फोटो देख कर परिवार के लोग मौके पर पहुंच गये। मृतका की बूढ़ी मां कालिंद्री ने बताया कि मौके पर कोई ससुराली नहीं मिला, मिथलेश की मौत के लिए ससुरालियों को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की। मिथलेश के शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। मृतका ने अपने पीछे दो विवाहित बेटियां ज्योति, कंचन एवं एक अविवाहित बेटे सूरज को छोड़ा है। घटना के वक्त सूरज दिल्ली में था। प्रभारी निरीक्षक बाह सत्यदेव शर्मा ने बताया कि ट्रैक के पास महिला का शव मिला है, पोस्टमार्टम के लिए मोरचरी में रखवा दिया है। ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत होने की सूचना मिली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की असल वजह पता चलेगी।

## राजकीय पॉलीटेक्निक मनकेंडा में दीक्षांत समारोह संपन्न

**आगरा (एनएनआई)।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर राजकीय पॉलीटेक्निक मनकेंडा, आगरा में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि यशपाल सिंह राणा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान मनकेंडा राजवीर सिंह चाहर उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संस्था परिवार द्वारा अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विभागाध्यक्ष अभिनव जैन ने संस्था का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। वर्ष 2024-25 के अंतिम वर्ष में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को डिप्लोमा एवं अंकपत्र वितरित किए गए। साथ ही शाखावार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार दिए गए। केमिकल इंजीनियरिंग में ब्रजेश कुमार पटेल, मैकेनिकल इंजीनियरिंग (प्रोडक्शन) में अंशु, सिविल इंजीनियरिंग में रंजीत गुप्ता प्रथम स्थान पर रहे। संस्था में सर्वोच्च स्थान ब्रजेश कुमार पटेल ने प्राप्त किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत प्रथम वर्ष के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। प्रधानाचार्य कुलदीप गुप्ता ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। संचालन गरिमा सिंह एवं उमेश वामन गुरमवार ने किया।




## भदावर पीजी कॉलेज में मतदाता दिवस पर किया जागरुक



एनएनआई

**बाह।** भदावर पीजी कॉलेज बाह में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में शनिवार को मतदाता जागरुकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुज कुमार ने स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। लोकतंत्र की मजबूती के लिए छात्र-छात्राओं संगम, खुशी, तनु, अंशिका, आकाश, अंकित, हर्षित आदि ने वोट के अधिकार का इस्तेमाल किए जाने का आहवान किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के जरिए मतदाता दिवस को लेकर छात्र-छात्राओं से सवाल पूछे गये। इस दौरान डॉ. दिग्विजय नाथ यादव, डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ. ओमकार यादव, डॉ. लोकेन्द्र, डॉ. आशुतोष, डॉ. धर्मेन्द्र, डॉ. राहुल पचौरी, डॉ. हरि निवास ने छात्र-छात्राओं को मतदान के विषय में जागरुक किया।

## सीकरी में मनाया यूपी दिवस और राष्ट्रीय बालिका दिवस



**फतेहपुर सीकरी (एनएनआई)।** उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला बले में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक कमल सिंह द्वारा बताया गया कि ब्रिटिश शासन काल में उत्तर प्रदेश को संयुक्त प्रांत के नाम से जाना जाता था तथा वैदिक काल में ब्रह्म ऋषि देश तथा मध्य देश कहा जाता था। भारत के गवर्नर जनरल द्वारा 24 जनवरी सन 1950 को संयुक्त प्रांत से बदल कर "उत्तर प्रदेश" कर दिया गया।पूर्व एआरपी तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक दिलीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा "राष्ट्रीय बालिका दिवस" के बारे में संक्षिप्त जानकारी दीगई। इस अवसर पर बालिकाओं को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में ज्योत्सना सिंह पुंडीर, प्रीती कुमारी, अनीता,रोहित सिंह, भूपेंद्र कुमार, मुरारी लाल, कमला देवी आंगनवाड़ी ,सोनू कुमार, पूजा कुमारी,कमला देवी, लच्छो देवी, शकुंतला सोमवती देवी एवं अंगूरी देवी आदि उपस्थित रहे।

## कृषि निवेश गोष्ठी संपन्न



**फतेहपुर सीकरी (एनएनआई)।** विकासखंड परिसर में एक दिवसीय कृषि निवेश एवं गोष्ठी का आयोजन हुआ।इसमें कृषि विभाग के अलावा पशुपालन विभाग सहकारिता विभाग तथा अन्य कंपनियों के स्टाल लगाए गए। कृषि वैज्ञानिकों ने कृषि की नई-नई तकनीक, प्राकृतिक खेती एवं परंपरागत खेती के बारे में किसानों को जागरूक किया। साथ ही किसान कम लागत में अधिक आय किस प्रकार ले सकते हैं, उस संबंध में किसानों को जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिजेंदर पहलवान की। इस मौके पर कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर राजेश पाराशर, डॉक्टर मेहरबान सिंह यादव, डॉक्टर राधेश्याम मौजूद रहे जिन्होंने किसानों को नई-नई कृषि तकनीकियों से जागरूक कराया। कृषि विभाग के खंड प्रभारी सोनू खान, प्राविधिक सहायक वेदपाल राणा, प्रदीप कुमार, रघुवीर सिंह ,सेवक राम,चांद खान उपस्थित रहे।

## डेढ़ किलो वजनी धातु की मूर्ति के साथ एक हिरासत में, जांच जारी



**फतेहपुर सीकरी (एनएनआई)।** गुलिस्तां पार्किंग के निकट लगभग डेढ़ किलो वजनी सफेद धातु की मूर्ति को लेकर घूमते संदिग्ध व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस की हवाले किया। पुलिस मूर्ति के संबंध में जानकारी कर रही है। शनिवार दोपहर गुलिस्तां पार्किंग के समीप एक सफेद धातु की मूर्ति लिए हुए एक संदिग्ध व्यक्ति घूमते हुए मिलने पर स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस को सूचना दी जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मूर्ति को जप्त कर संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की, पुलिस के अनुसार युवक ग्राम गुर्जरपुरा का निवासी है। युवक का नाम सुनील पुत्र बहादुर है। मूर्ति के धातु स्वरूप को लेकर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक आनंद वीर सिंह ने बताया कि बरामद मूर्ति की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

## गणतंत्र दिवस से पूर्व बटेश्वर में हुई सघन चैकिंग



**बाह (एनएनआई)।** बटेश्वर में पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाया। मंदिर क्षेत्र में आने जाने वाले श्रद्धालुओं से लेकर संतों तक की चैकिंग की गई। इतना ही नहीं मंदिर क्षेत्र के दुकानदारों की भी छानबीन एवं तलाशी ली गई। प्रभारी निरीक्षक बाह सत्यदेव शर्मा ने मंदिर प्रबंधक अजय भदौरिया को संदिग्ध श्रद्धालु या व्यक्ति दिखने पर पुलिस को सूचना देने के लिए जागरुक किया। उन्होंने बताया कि चोरी, छिनैती आदि की घटनाओं को लेकर बटेश्वर ही नहीं बाह के बस अड्डे पर भी बस यात्रियों की चैकिंग की गई। बस में बैठने वाले और बस से उतरने वाले यात्रियों पर नजर रखी गई। संदिग्ध दिखने पर तलाशी ली गई।

## संपादकीय

# टूटती परंपरा से बढ़ते टकराव

तमिलनाडु और केरल विधानसभाओं में राज्यपालों द्वारा अभिभाषण न पढ़ने की घटनाओं ने राज्य सरकारों और राजभवनों के बीच बढ़ते टकराव को उजागर किया है। तमिलनाडु के राज्यपाल एन.आर. रवि ने विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत के मौके पर लगातार चौथी बार राज्य सरकार की तरफ से तैयार अभिभाषण को पढ़ने से इनकार कर दिया। तब मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने अभिभाषण को पढ़ा फिर घोषित करने के लिए सदन में प्रस्ताव पारित कराया। उसके बाद एलान किया कि अभिभाषण पढ़ने की परंपरा खत्म कराने के लिए संविधान संशोधन कराना उनका अगला एजेंडा होगा। रवि ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने अभिभाषण में बिना साक्ष्य दिए और गुमराह करने वाले कई दावे शामिल कर दिए हैं। हो सकता है कि तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि समझ रहे हों कि वे बहुत अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन वे देश का बड़ा नुकसान कर रहे हैं। वे राष्ट्रगान के नाम पर विधानसभा में अभिभाषण नहीं पढ़ कर यह दिखाना चाह रहे हैं कि उनके मन में बड़ा देशप्रेम है और तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके देश विरोधी है और इससे हो सकता है कि भाजपा की राजनीति को कुछ फायदा भी होता हो लेकिन इससे देश का बड़ा नुकसान हो रहा है। तमिलनाडु में अलगाव की भावना पहसे से ज्यादा गहरी होती है। पता नहीं इतनी बेसिक बात राज्यपाल और भारत सरकार समझ क्यों नहीं पा रही है। राज्यपाल आरएन रवि का कहना है कि सदन की कार्यवाही की शुरूआत राष्ट्रगान से होनी चाहिए, जबकि तमिलनाडु में सदन की कार्यवाही तमिल गान से होती है और समापन राष्ट्रगान से होता है। बरसों से वहां ऐसा ही होता है। रवि इसे बदलना चाहते हैं। लेकिन राज्य सरकार नहीं बदल रही है। इस आधार पर वे हर साल पहले सत्र की कार्यवाही के दौरान अभिभाषण नहीं पढ़ते हैं। इस बार भी उन्होंने अभिभाषण नहीं पढ़ा। उनके चले जाने के बाद स्पीकर ने अभिभाषण पढ़ा। वे अपनी निष्ठा के प्रदर्शन में ऐसा करते हैं लेकिन हो सकता है कि इसका लाभ डीएमके को ही मिल जाए। ध्यान रहे एक तरफ भाजपा राष्ट्रवाद का मुद्दा बनाती है तो दूसरी ओर डीएमके ने तमिल उप राष्ट्रीयता और सनातन विरोध को अपना चुनावी मुद्दा बनाया है। एक तरफ तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि अभिभाषण पढ़े बगैर विधानसभा के सत्र से निकल जाते हैं तो इस बार केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर एक कदम और आगे गए। राज्य सरकार ने जो अभिभाषण तैयार किया था, उसके तीन पैराग्राफों में खुद से बदलाव कर दिया। उन्होंने अभिभाषण के दो पैराग्राफ के कुछ हिस्से पढ़े ही नहीं। उनके चले जाने के बाद सरकार की ओर से बताया गया कि राज्यपाल ने पैरा नंबर 12 का शुरूआती हिस्सा और पैरा नंबर 15 का आखिरी हिस्सा नहीं पढ़ा है। इन दोनों पैराग्राफ में केंद्र सरकार की और उनकी खुद की आलोचना की गई है। उनके चले जाने के बाद इसे पढ़ा गया और सदन की कार्यवाही में शामिल किया गया। इस तरह उन्होंने जो पढ़ा और सदन में अभिभाषण की जो प्रतियां बांटी गईं, वो अलग-अलग थीं। तो मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने स्पीकर से उस प्रति को अनुमोदित करने कहा, जिसे कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। परंपरा यही है कि अभिभाषण निर्वाचित सरकार तैयार करती है। राष्ट्रपति/ राज्यपाल सरकार के प्रतीकात्मक प्रमुख के तौर पर उसे पढ़ते भर हैं। लेकिन वर्तमान में लोकतंत्र और संघीय व्यवस्था के तहत ऐसे स्थापित कायदे तार-तार किए जा रहे हैं। बहरहाल, पैराग्राफ नंबर 12 में सरकार ने लिखा है कि केरल में कई तरह के नीतिगत सुधार हुए हैं लेकिन तमाम नीतिगत और संस्थागत उपलब्धियों के बावजूद केंद्र सरकार के विपरीत कदमों से केरल को वित्तीय मुश्किलें झेलनी पड़ रही हैं। इसमें आगे कहा गया है कि केंद्र सरकार का रवैया संघवाद के खिलाफ है। इसके बाद पैरा 15 में विधानसभा से पास हुए विधेयकों को रोके जाने का जिक्र है। गौरतलब है कि केरल में कई बार इसको लेकर टकराव हुआ है। राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची है। पिछले राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के समय से ऐसा हो रहा है कि विधानसभा से पास हुए अनेक बिल राजभवन में अटक जाते हैं। केरल सरकार का कहना है कि इससे जन कल्याण के काम प्रभावित होते हैं। गौरतलब है कि तमिलनाडु और केरल दोनों राज्यों में अगले तीन महीने में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। भारतीय संविधान में राज्यपाल का पद गरिमा, संतुलन और परंपरा का प्रतीक माना गया है। उसका काम है संविधान के अनुसार चलना और मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करना। पर, तमिलनाडु और केरल विधानसभा में जो हुआ, वह राज्य सरकार और राजभवनों के बीच चल रहे टकरावों की ताजा कड़ी है। उनसे यह उम्मीद की जाती है कि वह संविधान के संरक्षक के तौर पर काम करेंगे और उनका कोई भी कदम राजनीतिक नहीं होगा क्योंकि राज्यपाल संवैधानिक पद है। राज्यपालों से सहज अपेक्षा होती है कि वे संवैधानिक भावना के अनुरूप कार्य करें। लेकिन गैर-भाजपा शासित राज्यों में उन्हें राज्य सरकारों पर नकेल कसे रहने का माध्यम बना दिया गया है। वे ना सिर्फ केंद्र के प्रतिनिधि की संवैधानिक भूमिका निभाते हैं, बल्कि अक्सर केंद्र की राजनीतिक मंशाओं को भी पूरा करते नजर आते हैं। इसका नतीजा संघीय व्यवस्था में बढ़ता हुआ तनाव है। दूसरा परिणाम राज्यपाल जैसे सम्मानित पद की खुली तौहीन के रूप में सामने आता है। अभिभाषण की परंपरा को खत्म कराने के मिशन में जुटने का तमिलनाडु के मुख्यमंत्री का एलान इसकी नई मिसाल है। ये प्रवृत्तियां चिंताजनक हैं। इन वजहों से संवैधानिक व्यवस्था के भविष्य को लेकर आशंकाएं गहराती जा रही हैं।



# दूषित जल का संकट!

## पीने के पानी में अमोनिया की बढ़ी मात्रा होती है खतरनाक

दिल्ली जल बोर्ड ने बताया कि यमुना से आने वाले पानी में अमोनिया का हाई लेवल पाया गया है। अमोनिया का बढ़ा हुआ स्तर न सिर्फ पानी की सप्लाई को खराब करता है, बल्कि अगर इसे पी लिया जाए तो यह हमारी सेहत को भी गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है।

मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित जल और इसके कारण फैली बीमारियां बीते दिनों सुर्खियों में थीं। अब दिल्ली में भी दूषित जल का खतरा देखा जा रहा है। गुरुवार (22 जनवरी) को दिल्ली जल बोर्ड ने जानकारी दी थी कि यमुना से आने वाले पानी में अमोनिया का लेवल ज्यादा होने की वजह से वजीराबाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में ऑपरेशन कुछ समय के लिए रोक दिए गए हैं। इसके चलते, जब तक हालात ठीक नहीं हो जाते, दिल्ली के कुछ हिस्सों में पानी की सप्लाई प्रभावित हो सकती है।

अब कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दिल्ली के कई हिस्सों में पानी की दिक्कत 4 फरवरी तक जारी रह सकती है। अधिकारियों ने बताया कि चार वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट अभी अपनी कुल क्षमता के लगभग 75 प्रतिशत पर काम कर रहे हैं। हालात की लगातार समीक्षा की जा रही है और अमोनिया का लेवल स्वीकार्य सीमा में आने के बाद पानी का प्रोडक्शन बढ़ाया जाएगा।

ऐसे में लोगों के मन में सवाल है कि पानी में अमोनिया का स्तर बढ़ना कितना खतरनाक हो सकता है? आमोनिया युक्त पानी पी लिया जाए तो इससे क्या-क्या दिक्कतें हो सकती हैं? आइए समझते हैं।

**कितना खतरनाक है अमोनिया का बढ़ा हुआ स्तर?**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अमोनिया को लंबे समय से एक



नुकसानदायक पदार्थ माना जाता रहा है, जिसकी मात्रा अगर पानी में ज्यादा हो जाए तो इससे पानी की क्वालिटी खराब हो सकती है। पेड़-पौधों और पानी में रहने वाले जीवों को भी इससे नुकसान पहुंच सकता है। सबसे खतरनाक बात यह है कि यह हमारे पीने के पानी को बहुत ज्यादा अशुद्ध बना देता है। हाई अमोनिया वाले



पानी को पीने से सेहत को गंभीर नुकसान होने का भी खतरा रहता है।

अमोनिया आमतौर पर रंगहीन और तीखी गंध वाला होता है और ये पानी में घुलनशील हाता हैं। इंडस्ट्रियल कचरे के कारण भी इसका स्तर पानी में बढ़ सकता है। पौधे या जानवरों के अवशेष सड़ने पर भी ये पानी में घुल जाता है।

अमोनिया का बढ़ा हुआ स्तर न सिर्फ पानी की सप्लाई को खराब करता है, बल्कि अगर इसे पी लिया जाए तो यह हमारी सेहत को भी गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है।

अमोनिया के किसी भी तरह के संपर्क में आना, चाहे हवा हो या पानी के जरिए, हमारी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

यह नर्वस सिस्टम और दिमाग के सोचने-समझने की क्षमता को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है।

एक बार जब यह अशुद्ध पानी के स्रोतों या बिना साफ किए पानी के जरिए शरीर में चला जाता है, तो खून में मिल सकता है और नर्वस सिस्टम को भी प्रभावित करने लगता है।

**अमोनिया युक्त पानी के क्या नुकसान हैं?**

पीने के पानी में 0.5 पार्ट्स पर मिलियन से अधिक की मात्रा हमारी सेहत के लिए खतरनाक मानी जाती है।

अमोनिया सांस की नली में जलन पैदा करता है। अमोनिया युक्त पानी पीने से एलर्जी, सांस लेने पर तकलीफ और सीने में दर्द जैसी दिक्कत होती है।

अस्थमा या फेफड़ों की पहले से किसी बीमारी वाले लोगों में इसके कारण समस्या ट्रिगर होने का जोखिम रहता है।

अमोनिया युक्त पानी सिरदर्द, कन्फ्यूजन, दिमागी संतुलन बिगड़ने या ध्यान लगाने में दिक्कत जैसी समस्याएं पैदा कर सकती है।

अमोनिया की अधिकता होने से मतली, उल्टी या पेट की समस्याएं भी बढ़ सकती हैं।


लंबे समय तक हाई अमोनिया के कारण किडनी-लिवर की कार्यक्षमता पर भी असर देखा जा सकता है।

**पीने के पानी को लेकर क्या सावधानियां बरतें**

अगर आप ऐसे इलाकों में रहते हैं जहां अमोनिया से दूषित पानी का खतरा है, तो कुछ सावधानियां काफी जरूरी हो जाती हैं। सुनिश्चित करें कि आप साफ पानी पी रहे हैं। आरओ का पानी आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

पानी को उबालकर और फिर छानकर पीना सबसे अच्छा होता है।


बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को सेहत को लेकर विशेष



# कार्यक्रम के दौरान अभद्र व्यवहार का शिकार हुई मौनी रॉय

**अभिनेत्री ने की सख्त कार्रवाई की मांग**

अभिनेत्री मौनी रॉय ने हरियाणा के करनाल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अपने साथ हुए अभद्र व्यवहार को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने सामाजिक मीडिया के माध्यम से बताया कि कार्यक्रम के दौरान कुछ दर्शकों ने उनके साथ अनुचित व्यवहार किया। मौनी रॉय के अनुसार, जब वह मंच की ओर जा रही थीं, उस दौरान कुछ लोगों ने फोटो खिंचवाने के बहाने असहज व्यवहार किया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन्हें नकारात्मक प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा। अभिनेत्री ने बताया कि मंच पर पहुंचने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ और कुछ लोगों द्वारा अभद्र टिप्पणियां और इशारे किए गए। हालात के बावजूद उन्होंने संयम बनाए रखा और कार्यक्रम पूरा किया।मौनी रॉय ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यदि स्थापित कलाकारों को इस तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, तो नए कलाकारों की स्थिति और भी कठिन हो सकती है। उन्होंने प्रशासन और आयोजकों से ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाने की मांग की है, ताकि कलाकार सुरक्षित वातावरण में अपना कार्य कर सकें।



# शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर 2026 को होगी रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंग' की रिलीज तिथि की औपचारिक घोषणा कर दी है। यह फिल्म 24 दिसंबर 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी। शाहरुख खान ने अपने सामाजिक मीडिया मंच पर फिल्म का घोषणा वीडियो साझा किया, जिसमें फिल्म के भव्य दृश्य और प्रभावशाली संवाद दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। वीडियो में अभिनेता एक गंभीर और शक्तिशाली किरदार में नजर आ रहे हैं। घोषणा वीडियो में फिल्म की थीम और कहानी की झलक दिखाई गई है, जिससे यह संकेत मिलता है कि फिल्म एक बड़े स्तर की एक्शन-ड्रामा होगी। फिल्म के संवाद और दृश्य इसे वर्ष की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल करते हैं। फिल्म का निर्माण रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया जा रहा है। 'किंग' में दीपिका पादुकोण, सुहाना खान और जयदीप अहलावत भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। शाहरुख खान के प्रशंसकों में फिल्म को लेकर उत्साह का माहौल है।



# हिंदी सिनेमा अपनी जड़ों से भटक गया हैः प्रकाश राज

प्रसिद्ध अभिनेता और फिल्म निर्माता प्रकाश राज ने मुख्यधारा हिंदी सिनेमा को लेकर गंभीर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म उद्योग धीरे-धीरे अपनी जड़ों से दूर होता जा रहा है और अब इसका झुकाव दिखावे और व्यवसायिकता की ओर अधिक हो गया है। केरल साहित्य महोत्सव के नौवें संस्करण में आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान प्रकाश राज ने कहा कि मलयालम और तमिल सिनेमा आज भी सशक्त विषयवस्तु और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानियां प्रस्तुत कर रहा है, जबकि हिंदी सिनेमा में यह पक्ष कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि आज की हिंदी फिल्में देखने में भले ही भव्य और आकर्षक लगती हों, लेकिन उनमें भावनात्मक गहराई और सामाजिक जुड़ाव की कमी दिखाई देती है। अभिनेता ने मल्टीप्लेक्स संस्कृति के बाद आए बदलावों की ओर इशारा करते हुए कहा कि शहरी दर्शकों को केंद्र में रखकर बनाई जा रही फिल्मों से ग्रामीण और आम दर्शक वर्ग से दूरी बढ़ी है। प्रकाश राज ने उदाहरण देते हुए कहा कि पहले की हिंदी फिल्मों में सामाजिक एकता, साझा मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को प्रमुखता दी जाती थी, जो अब कम नजर आती हैं। उन्होंने युवाओं द्वारा बनाई जा रही सामाजिक विषयों पर आधारित दक्षिण भारतीय फिल्मों को आशा की किरण बताया।

# दिल्ली ने रोका आरसीबी का विजय रथ

## सात विकेट से दी बेंगलुरु को मात



**वडोदरा।** दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को सात विकेट से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। इससे पहले जेमिमा रोड्रिग्स के नेतृत्व वाली टीम चौथे पायदान पर थी। शनिवार को वडोदरा में खेले गए मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 10 विकेट पर 109 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 15.4 ओवर में ही तीन विकेट पर 111 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। उनके लिए एल. वोलवार्ड्ट ने 42 रनों की नाबाद पारी खेली। बता दें कि, यह आरसीबी की मौजूदा टूर्नामेंट में पहली शिकस्त है।

### दिल्ली की पारी

110 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने चौथे ओवर तक 24 रन पर दो विकेट गंवा दिए, जब शफाली वर्मा (16) और लिजेल ली (6) सस्ते में आउट हो गईं। इसके बाद जेमिमा रोड्रिग्स और एल. वोल्वार्ड्ट ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 52 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। जेमिमा ने 26 गेंदों में 24 रन बनाए, जिसमें चार चौके शामिल थे। वोल्वार्ड्ट ने बेहद संयमित और भरोसेमंद बल्लेबाजी करते हुए 38 गेंदों में नाबाद 42 रन बनाए। उनकी पारी में चार चौके और एक छक्का शामिल रहा। अंत में मारिजन कप ने 15 गेंदों में नाबाद 19 रन बनाते हुए विजयी चौका लगाया। दिल्ली कैपिटल्स ने लक्ष्य को 15.4 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया और मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया। आरसीबी की ओर से गेंदबाजी में सायली सतघरे (2/18) सबसे सफल रहीं, जबकि राधा यादव को एक विकेट मिला।

### आरसीबी की पारी

पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम 20 ओवर में 109 रन पर सिमट गई। कप्तान स्मृति मंधाना ने संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुए 34 गेंदों में 38 रन बनाए, जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल था। मंधाना के अलावा कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर टिककर नहीं खेल सकी। राधा यादव ने 17 गेंदों पर 18 रन बनाकर कुछ योगदान दिया, लेकिन टीम के आठ बल्लेबाज एकल अंक में आउट हो गए। मंधाना और ग्रेस हैरिस (9 रन) के बीच 36 रन की ओपनिंग साझेदारी आरसीबी की सबसे बड़ी साझेदारी रही। इसके बाद बल्लेबाजी पूरी तरह लड़खड़ा गई और टीम 14वें ओवर तक 78/5 के स्कोर पर पहुंच गई। अंततः पूरी टीम 20 ओवर भी नहीं खेल सकी और 109 रन पर ढेर हो गई। दिल्ली की ओर से गेंदबाजी में नंदिनी शर्मा (3/26) सबसे सफल रहीं। मारिजन कप (2/17), मिन्नू मणि (2/18) और चिनेल हेनरी (2/22) ने भी अहम विकेट चटकाए, जबकि श्री चरानी को एक सफलता मिली।

# टी20 विश्व कपः बांग्लादेश का समर्थन करने पर पाकिस्तान से नाराज आईसीसी, हो सकती है सख्त कार्रवाई

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी के बीच जारी तनातनी में पाकिस्तान की एंट्री उसके लिए नुकसानदायक हो सकती है। पाकिस्तान ने आईसीसी के साथ जारी विवाद में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का समर्थन किया है। इससे आईसीसी नाराज है और पाकिस्तान के खिलाफ भी कार्रवाई कर सकती है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टी20 विश्व कप के अपने मैच भारत में खेलने से मना कर दिया था और विश्व कप से अपना नाम वापस ले लिया था। आईसीसी ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को एंट्री दे दी है। इस बीच बांग्लादेश को पाकिस्तान का समर्थन मिलने के बाद यह विवाद और गहरा गया है। बताया जा रहा है कि अगर यह मामला सुलझता नहीं है तो पाकिस्तान अपने टूनार्मेंट में भाग लेने के फैसले की समीक्षा कर सकता है। आईसीसी द्वारा आधिकारिक रूप से बांग्लादेश को विश्व कप से बाहर करने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि पाकिस्तान की भागीदारी पर अंतिम फैसला सरकार लेगी। मोहसिन नकवी ने आईसीसी पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि बांग्लादेश के साथ अन्याय हुआ है। एक देश को जब चाहे फैसले लेने की छूट है, जबकि दूसरे देशों के लिए नियम अलग हैं। बांग्लादेश एक बड़ा स्टेकहोल्डर है और उसके साथ ऐसा व्यवहार नहीं होना चाहिए।

# भारत आने के लिए उत्सुक स्कॉटलैंड की टीम


## टी20 विश्व कप में अचानक प्रवेश मिलने पर जताई खुशी




**नई दिल्ली।** बांग्लादेश टीम के टी20 विश्व कप से बाहर होने पर सबसे ज्यादा फायदा स्कॉटलैंड की टीम को हुआ। ये टीम इस वैश्विक टूनार्मेंट के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थी, लेकिन टूनार्मेंट शुरू होने से ठीक पहले उसे अचानक प्रवेश मिल गया। आईसीसी के फैसले के बाद स्कॉटलैंड ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है कि वह टी20 विश्व कप में खेलेगा और उसकी टीम भारत की यात्रा करने के लिए उत्सुक है।

क्रिकेट स्कॉटलैंड का कहना है कि टूनार्मेंट सात फरवरी से शुरू हो रहा है, ऐसे में टीम स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की तैयारी कर रही है। आईसीसी को लिखे एक विशेष आभार पत्र में क्रिकेट स्कॉटलैंड ने निमंत्रण स्वीकार किया। क्रिकेट स्कॉटलैंड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ट्रुडी लिंडब्लेड ने एक बयान में कहा, मुझे आईसीसी से एक पत्र मिला जिसमें पूछा गया था कि क्या हमारी पुरुष टीम टी20 विश्व कप में खेलेगी और हमने इसे स्वीकार कर लिया है। हम आईसीसी के इस आमंत्रण के लिए आभारी हैं। स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों के लिए लाखों समर्थकों के सामने वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने का यह एक रोमांचक अवसर है। हम यह भी स्वीकार करते हैं कि यह अवसर चुनौतीपूर्ण और अनूठी परिस्थितियों के कारण ही संभव हो पाया है। लिंडब्लेड ने कहा, हमारी टीम आगामी दौरों की तैयारी में कुछ हफ्तों से प्रशिक्षण ले रही है और अब जल्द ही भारत पहुंचने की तैयारी में है ताकि स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल ढल सके और शानदार आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में खेलने और योगदान देने के लिए तैयार हो सके।

# तीसरे टी20 से पहले गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर पहुंचे कोच गौतम गंभीर



**गुवाहाटी।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच से पहले गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में रविवार को पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टी20 खेला जाना है। भारतीय टीम सीरीज में 2-0 से आगे चल रही है और उसकी नजरें सीरीज अपने नाम करने पर टिकी होंगी। इससे पहले कोच गंभीर ने कामाख्या मंदिर में पूजा की। गंभीर हाल ही में उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर भी गए थे। उस वक्त भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा ले रही थी। गंभीर के लिए आगे कड़ी चुनौती है क्योंकि अगले महीने टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। भारत इस वैश्विक टूनार्मेंट में खिताब बचाने के इरादे से उतरेगा। गंभीर के कार्यकाल में भारत को कई अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा है, ऐसे में यह टूनार्मेंट उनके लिए काफी अहम है।

### विश्व कप से पहले सीरीज जीतने उतरेगा भारत

पहले दोनों मैच आसानी से जीतने के बाद भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे टी20 मैच में जीत हासिल करके पांच मैच की सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी जिसमें संजू सैमसन के प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेंगी। भारत ने पिछले मैच में बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया था और आसानी से लक्ष्य अपने नाम कर लिया था। टी20 विश्व कप के शुरू होने में अब केवल दो सप्ताह का समय बचा है और इससे पहले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ बाकी बचे तीन मैच खेलने हैं। ऐसे में भारत की टीम संयोजन काफी हद तक तय लग रहा है।

### सैमसन के प्रदर्शन ने बढ़ाई चिंता

भारत बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। केवल कुछ स्थान को लेकर ही टीम चिंतित होगी जिनमें से एक स्थान फिलहाल सैमसन के पास है। भारत के लिए संजू सैमसन का फॉर्म में नहीं होना चिंता की बात है। इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान सैमसन तेज गेंदबाजों के हाथों पांच बार सस्ते में आउट हो गए। इसमें जोफ्रा आर्चर के हाथों लगातार तीन बार आउट होना भी शामिल है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो मैच में वह केवल 10 और छह रन ही बना सके और उन्हें क्रमशः काइल जैमीसन और मैट हेनरी ने आउट किया। अब सैमसन भी विश्व कप से पहले फॉर्म में आने की उम्मीद करेंगे।

# रविवार, 25 जनवरी राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज रविवार का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। विशेष रूप से आज दिन का दूसरा भाग आपके लिए आज अनुकूल रहने वाला है। आपकी आपकी राशि में चंद्रमा के ऊपर मंगल की दृष्टि होने से आपको आर्थिक लाभ मिलेगा।

वृषभ राशि के जातकों को आज किसी सगे संबंधी से सरप्राइज मिल सकता है। आपकी प्रतिष्ठा में भी आज वृद्धि होगी। आपके सितारे बताते हैं कि आज आपको घर के बड़ों से विशेष रूप से पिता और बड़े भाई से सहयोग मिलेगा।

आज रविवार का दिन मिथुन राशि के जातकों के लिए आर्थिक मामलों में लाभ दिलाने वाला रहेगा। वैसे आज लाभ के साथ ही साथ आपका खर्च भी बना रहेगा। आपको घरेलू जरूरतों पर धन खर्च करना होगा। कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियों की वजह से आपको अपनी कुछ योजनाओं में बदलाव करना पड़ सकता है।

आज रविवार का दिन मिथुन राशि के जातकों के लिए आर्थिक मामलों में लाभ दिलाने वाला रहेगा। वैसे आज लाभ के साथ ही साथ आपका खर्च भी बना रहेगा। आपको घरेलू जरूरतों पर धन खर्च करना होगा। कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियों की वजह से आपको अपनी कुछ योजनाओं में बदलाव करना पड़ सकता है।

सिंह राशि के जातकों के लिए आज रविवार का दिन सुखद और अनुकूल रहेगा। आप आज परिवार के साथ मनोरंजक समय बिताएंगे और कहीं घूमने भी जा सकते है। सामाजिक और पारिवारिक जीवन में आज आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा।

कन्या राशि से आज अष्टम भाव में चंद्रमा का संचार करना मानसिक रूप से उलझन को बढाने वाला रहेगा। आपको आज निर्णय लेने में जल्दबाजी करने से बचना होगा। किसी गलत निर्णय की वजह से आज आपको नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।

तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन करियर और कामकाज के लिहाज से अच्छा रहेगा। आपको आज दोस्तों से कोई सरप्राइज मिल सकता है। कामकाज आज आपका अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में आज आपको कोई बड़ा मौका भी मिल सकता है।

आज का दिन वृश्चिक राशि के जातकों के लिए लाभ में वृद्धि करने वाला रहेगा। वैसे दिन का दूसरा भाग आज मानसिक उलझनों में वृद्धि करने वाला रहेगा और आपके खर्च में वृद्धि भी करेगा। आपको आज मित्रों से सहयोग मिलेगा। किसी मित्र या सगे संबंधी से मिलने का मौका मिल सकता है।

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन पारिवारिक जीवन के मामले में सुखद रहेगा। आपकी रुचि आज धर्म कर्म रहेगी। घर के बड़ों से आज आपको सहयोग मिलेगा। आज दिन के दूसरे भाग में आप किसी मनोरंजक कार्यक्रम का आनंद ले सकते हैं।

मकर राशि के जातकों के लिए आज रविवार का दिन अच्छा रहेगा। आपका भाग्य आज आर्थिक मामलों में लाभ प्रदान करेगा। पूर्व में किए काम का भी आपको आज फायदा मिल सकता है। आपकी राशि में आज लाभ का संयोग बना हुआ है।

मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक। आपको आज बड़े भाई बहनों से लाभ और सहयोग मिलेगा। वैवाहिक जीनन में आज अनुकूबल सुखद समय बीतेगा। आप आज कार्यक्षेत्र में लाभ पाएंगे। नौकरी में आपके लिए आज उन्नति का संयोग बन सकता है।

आज रविवार दिन आपके लिए खचीर्ला रहेग। आपका मन भी आज किसी वजह से विचलित हो सकता है। लुभावने डील के चक्कर में आज आप बजट से बाहर जााकर खरीद करेंगे। वैवाहिक जीवन में आज आपके प्रेम और तालमेल बना रहेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# डॉ. बीआर आंबेडकर विवि में मनाया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व प्रदर्शनियों के माध्यम से दिखी प्रदेश की गौरवशाली झलक**

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विविध शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक एवं भौगोलिक विशेषताओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। स्थापना दिवस के अंतर्गत विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानों एवं विभागों द्वारा सूक्ष्म/लघु फिल्म प्रदर्शन, भाषण प्रतियोगिता, प्रदर्शनी, सामान्य ज्ञान क्विज, रंगोली, पोस्टर निर्माण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सहभागिता रही। सेठ पदम चंद जैन प्रबंध संस्थान में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने उत्तर प्रदेश की वैदिक सभ्यता से लेकर आधुनिक युग तक की ऐतिहासिक यात्रा, स्वतंत्रता संग्राम, सांस्कृतिक समृद्धि एवं आधुनिक विकास पर विचार प्रस्तुत किए।



प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा विभाग की सौम्या शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश को भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक चेतना का केंद्र बताते हुए अयोध्या, काशी और प्रयागराज की जीवन-दर्शनात्मक भूमिका को रेखांकित किया। एमबीए की छात्रा शिवानी तिवारी द्वितीय स्थान पर रहीं, जिन्होंने 1857 की क्रांति, स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्र निर्माण में प्रदेश के योगदान को रेखांकित किया। बीसीए के छात्र सक्षम प्रधान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और डिजिटल विकास पर प्रकाश डालते हुए ग्रेटर नोएडा को मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक्स राजधानी तथा लखनऊ-नोएडा को उभरती एआई सिटीज के रूप में प्रस्तुत किया।

इसके अतिरिक्त दीप्ति, प्राची जोशी, मानसी गर्ग, श्रेया, अंशुमन उपाध्याय, पूर्णिमा जैसवाल, देवांशिका राजपूत, प्रवीण शर्मा, प्रियांशु कुमार, अवनी सिंह, शिवाजी एवं केवल्य ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम संस्थान के निदेशक प्रो. बृजेश रावत द्वारा आयोजित किया गया

# भक्ति भगवान से जुड़ने का नाम : साध्वी



एनएनआई

**आगरा।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन साध्वी भाग्यश्री भारती ने बताया कि भक्ति भगवान से जुड़ने का नाम है -जर्रे जर्रे मैं है झांकी भगवान की, किसी सूझवान आंख ने पहचान की। ईश्वर कण कण में है,पर दिखता कब है जब पूरा गुरु मस्तक पर हाथ रख तीसरी आंख खोल दे। तभी ईश्वर का दर्शन होता है। केवल रटने से , माला फेर लेने से, तीर्थ जाने से, उपवास रखने से भगवान नहीं पाया जा सकता। केसे मिलता है परमात्मा सिर्फ और सिर्फ तत्त्ववेत्ता पूरन गुरु के द्वारा। क्योंकि पूरन सतगुरु बाहर से मंत्र माला नहीं देते बल्कि जहां आप बिंदी या तिलक लगाते है उस नेत्र को खोल कर ईश्वर का दर्शन करा देते है। भगवान का दर्शन कठिन नहीं है बल्कि मुश्किल है आज इस कलिकाल मैं सच्चा गुरु मिल जाना क्योंकि संत वेश मैं ठग भी घूम रहे है। इसलिए सावधान रहे ऐसे ठग लोगों से।इसलिए पानी पियो छान के गुरु करो जान के।जाने समझे तभी गुरु धारण करे कही आपकी ठगे ना जाए

# भीगी पलकों से विदा हुई मैथिली ब्राह्मण बेटियां

एनएनआई

**आगरा।** श्री विद्यापति धर्मशाला ट्रस्ट के द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह में एक ही बैंड की धुन पर छह दूल्हे एक साथ बरात लेकर पहुंचे। कन्याओं के परिवारजनों ने बारात का स्वागत किया। ट्रस्ट और ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोगों ने वर वधू को आशीर्वाद देकर गृहस्थ जीवन की बधाई दी। मैथिली ब्राह्मण समाज का द्वितीय आदर्श सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। छह कन्याओं का एक ही वेदी पर विवाह संस्कार संपन्न हुआ। बारात के स्वागत के बाद धूमधाम से जयमाला की रस्में हुईं। हंसी ठिठोली के साथ जयमाल की रस्म संपन्न होने के बाद भोजन और फिर विवाह की रस्में हुईं। संस्था के संरक्षक यशपाल झा और अध्यक्ष प्रेम बाबू की आँखें नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते समय नम हो गईं। कन्यादान का सौभाग्य प्राप्त कर आयोजकों के साथ अतिथि भी खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। ट्रस्ट के द्वारा सभी कन्याओं को गृहस्ती का समान भेंट स्वरूप दिया गया। जिसमें फ्रिज,मिक्सी, गैस सिलेंडर, चूल्हा,एलईडी, 51 बर्तन का सेट, पलंग, सिलाई मशीन, पंखा, और वर वधू के कपड़े, बर्तन, मंगलसूत्र, चांदी की पायल व अन्य सामान था। मुख्य अतिथि जे डी शर्मा संस्था के संरक्षक राम अवतार शर्मा,नवल किशोर शर्मा , सोम प्रकाश शर्मा, राज कमल शर्मा, अनिल शर्मा,राकेश झा ,अचल शर्मा, ,राजकुमार शर्मा, सुरेश शर्मा,सौरभ शर्मा, कौशल किशोर शर्मा, एस के पंडित ,पवन शर्मा, मनोज शर्मा,पुरुषोत्तम शर्मा और अनिल शर्मा की उपस्थिति रही।



